# हरिभूमि रायपुर भूमि




## रिंगरोड पर लंबा जाम...

**रायपुर।** रिंगरोड-1 पर आए दिन लंबा ट्रैफिक जाम लगता रहता है। तस्वीर में दिख रही वाहनों की कतार रायपुरा से भाठागांव के बीच ट्रैफिक जाम की है। कई बार तो दुर्घटना होने की वजह से सड़क जाम हो जाती है और आवागमन घंटों बाधित रहता है। करीब 15 दिन पूर्व इसी हाईवे पर ट्रक का एक्सेल टूटकर सड़क में धंस जाने से लगभग 10 घंटे तक रास्ता जाम रहा और ट्रैफिक अमला वाहनों को डायवर्ट करने में जुटा रहा।

## हल्की बारिश बनी मुसीबत, रिंगरोड पर एक घंटे के भीतर आधा दर्जन से ज्यादा एक्सीडेंट

*देर रात नवा रायपुर में तेज रफ्तार कार हवा में उछलकर दो पेड़ों के बीच फंसी*



### नवा रायपुर में कार पेड़ पर चढ़ी

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में नवा रायपुर में रविवार देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद हवा में उछलकर सड़क किनारे दो पेड़ों के बीच फंस गई। बताया जा रहा है, कार चालक पेशे से डॉक्टर है, डॉक्टर को गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर की हालत नाजुक बताई जा रही है। एक अन्य घटना में कोतवाली थाना क्षेत्र में प्रियदर्शनी नगर ओवब्रिज के नीचे सर्विस रोड में एक तेज रफ्तार ट्रक ने पेशे से पत्रकार निलेश शर्मा की एक्टिवा को ठोकर मार दी। ट्रक की ठोकर लगने से पत्रकार उछलकर नाली में जा गिरा। पत्रकार के सिर तथा पैरों में चोटें आई हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सप्ताह का पहला दिन राजधानी के लिए हादसों का दिन रहा। सोमवार को सुबह 11.30 बजे के आसपास हल्की बारिश हुई। जिसके कारण सड़कें फिसलन भरी हो गईं। ब्रेक लगाने की वजह से गाड़ियां स्लिप होने लगीं। इससे वाहन चालक हादसे का शिकार होते गए। सुबह ऑटो के इंतजार में खड़ी एक महिला पर मिनी डोर पलट गया। मिनी डोर पलटने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना पंडरी थाना क्षेत्र के मोवा स्थित आदर्श नगर के पास की है। जनवरी से फरवरी में रायपुर के शहरी तथा ग्रामीण थाना क्षेत्र में साढ़े तीन सौ रोड एक्सीडेंट की घटनाएं सामने आई हैं। इन रोड एक्सीडेंट में 127 लोगों की मौतें हुई हैं।

- एक महिला की मिनी डोर में दबने से मौत

पुलिस के अनुसार मोवा निवासी रेखा आडिल (57) कहीं जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रही थी। पास से गुजर रहे आटो को महिला ने हाथ देकर रोका। ऑटो की रफ्तार ज्यादा थी, इसलिए कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद ऑटो चालक ने अचानक ऑटो को मोड़ा। इस दौरान पीछे से आ रहे मिनी डोर ने ऑटो को बचाने मिनी डोर को साइड करने कट मारा। कट मारने के दौरान मिनी डोर का संतुलन बिगड़ गया।



### हदासों की वजह से रिंग रोड घंटों जाम

रिंग रोड में हुए अलग-अलग रोड एक्सीडेंट की वजह से घंटों जाम की स्थिति रही। रायपुरा से कुशालपुर जाने वाले मार्ग पर देर शाम तक जाम की स्थिति रही। रोड जाम में तीन एंबुलेंस भी फंसी रही। बताया जा रहा है, दो एंबुलेंस में मरीज थे, जिनको उपचार कराने अस्पताल भर्ती कराने ले जाया जा रहा था। जाम क्लीयर कराने पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### आंकड़े कम लेकिन स्थिति गंभीर

पिछले वर्ष की तुलना में इस बार रायपुर जिले में रोड एक्सीडेंट में मरने वाले लोगों के आंकड़े कम हैं, लेकिन स्थिति अब भी भयावह है। वर्ष 2025 में रायपुर जिले में जनवरी में 85 तथा फरवरी में 55 मौतें हुई थीं। इस बार जनवरी में 219 सड़क दुर्घटना में 80 लोगों की मौतें हुई हैं। फरवरी में 131 सड़क दुर्घटना में 37 लोगों की मौतें हुई हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष रोड एक्सीडेंट में मरने वाले लोगों का औसतन आंकड़ा नौ प्रतिशत कम है।



### ओवरब्रिज पर बसें आपस में टकराईं

राजेंद्र नगर से संतोषी नगर जाने वाले ओवरब्रिज पर तीन से चार बसें आपस में टकरा गईं। बसों के आपस में टकराने से बसों के शीशे टूट गए। महेंद्र कंपनी की बस गैरेज से रिपयर होकर इंटर स्टेट बस टर्मिनल जा रही थी। उस बस का भी काफी ज्यादा नुकसान हुआ। बताया जा रहा है, हल्की बारिश होने से रोड में कीचड़ फैल गया। बस ड्राइवर ने जैसे ही बस को ब्रेक लगाया, बस स्लिप हो गई और रास्ते से गुजर रही बसें आपस में टकराती गईं। बताया जा रहा है, तीन बसों में सवारियां थीं। राहत की बात यह रही कि सवारियों का किसी तरह से जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। कुछ यात्रियों को हल्की फुल्की चोटें आई हैं।

## खबर संक्षेप

### मीटर लगाने का झांसा देकर 1.56 लाख की ठगी

**रायपुर।** मुजगहन थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ मीटर लगाने के नाम पर 1.56 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। माना बस्ती भटगांव निवासी रोशन देव रात्रे ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। रोशन देव ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने मीटर लगाने के नाम पर खुद को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) का कर्मचारी बताकर तीन अलग-अलग बैंक खातों से रकम आहरण कर ठगी की है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 22 फरवरी को थाना मुजगहन में ऑनलाइन फ्राड की लिखित शिकायत दर्ज कराई। जालसाज ने 13 रुपए प्रोसेस चार्ज के बहाने रोशन देव के साथ ठगी की।

### बिस्मिल की महफिल के बाद सड़क पर हंगामा

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात उस वक्त अफरातफरी मच गई जब 'बिस्मिल की महफिल' कार्यक्रम समाप्त होने के बाद घर लौट रहे युवकों के बीच कारों की टक्कर को लेकर विवाद हो गया। मामूली दुर्घटना ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया और सड़क पर जमकर हंगामा शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार्यक्रम खत्म होने के बाद बड़ी संख्या में युवक अलग-अलग गाड़ियों से लौट रहे थे। इसी दौरान दो कारों की आपस में टक्कर हो गई। पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो कुछ ही देर में धक्का-मुक्की और मारपीट में बदल गई। देखते ही देखते आसपास मौजूद अन्य युवक भी विवाद में शामिल हो गए, जिससे सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई। हंगामा बढ़ता देख अतिरिक्त पुलिस बल और डीसीपी भी घटनास्थल पर पहुंचे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

### आरोपियों की निशानदेही पर धरा गया तस्कर

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ओडिशा के एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार ओडिशा के गांजा तस्कर हृषिकेश उर्फ ऋषिकेश उर्फ ऋषि सरोज एवं हिमांशु दामले की निशानदेही पर ओडिशा फुलवानी निवासी राजकिशोर बेहरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार गांजा तस्करों से केनाल रोड स्थित दुर्गा मंदिर के पास कार से 50 किलो गांजा जब्त किया था।


### धरे गए 19 जुआरी, ढाई लाख से अधिक जब्त



**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग नंबर-6 में एक ढाबे के पास 19 जुआरियों को घेराबंदी कर जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने 2 लाख 52 हजार 520 एवं 20 नग अलग अलग कंपनियों के 20 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## पानी टंकी का आपरेटर सो गया, हजारों लीटर बह गया, 4 वार्ड रहे प्रभावित, लोग हलाकान





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोटा इलाके की पानी टंकी का आपरेटर वाल्व खोलकर सो गया, इसकी वजह से सोमवार सुबह हजारों परिवारों को पानी नहीं मिला। यही नहीं, टंकी का लाखों लीटर पीने का शुद्ध पानी फिजूल में सड़क पर बह गया। पानी टंकी खाली होने से सोमवार सुबह 4 वार्डों के रहवासियों को पीने का पानी नहीं मिला। इससे लोग परेशान हुए और जल आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई। प्रभावित वार्ड के पार्षदों ने जल आपूर्ति के निगरानी सिस्टम पर सवाल उठाते हुए कहा कि निगम वालों ने उन्हें इसकी सूचना देना तक मुनासिब नहीं समझा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पानी जैसी बुनियादी सुविधा को लेकर शहरी सरकार गंभीर नहीं है। आपरेटर के सो जाने से 4 वार्डों में पानी नहीं आया, यह बेहद शर्मनाक स्थिति है।

- महापौर मीनल चौबे ने कहां जांच करेंगे
- वार्ड पार्षद झल्लाए कहा- निगम वालों ने सूचना तक नहीं दी

दरअसल, रायपुर नगरनिगम की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। कोटा स्थित पानी टंकी में तैनात आपरेटर के ड्यूटी के दौरान वाल्व खोलकर सो जाने की वजह से रामकृष्ण परमहंस वार्ड के शिवाजी नगर, ठाकुरपारा, भवानी नगर, सांई नगर कालोनी सहित अन्य क्षेत्र और शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड के रहवासी इलाके के अलावा, रामनगर, विकास नगर में सोमवार की सुबह हजारों लोगों को पीने का पानी नहीं मिला। लोग सुबह से ही पानी को ⏭ शेष पेज 13 पर

### जांच करेंगे

मामले की जांच कराई जा रही है, लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रभावित वार्डों में जल आपूर्ति नियमित रूप से हो, इसके लिए संबंधित जोन के अधिकारियों को निर्देशित किया है।

**- मीनल चौबे, महापौर**
नगर निगम रायपुर

*डिजिटल साक्ष्य के आधार पर किया गिरफ्तार*

## डीएमएफ फंड घोटाला, टुटेजा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीएमएफ घोटाला में ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा पर शिकंजा कसते हुए उन्हें एक बार फिर गिरफ्तार किया है। टूटेजा को ईओडब्लू, एसीबी की कोर्ट में पेश कर उनसे पूछताछ करने 26 फरवरी तक पुलिस रिमांड हासिल की है। जांच एजेंसी ने गवाहों तथा आरोपियों के बयान के साथ डिजिटल साक्ष्य दस्तावेज से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया है।

ईओडब्लू, एसीबी द्वारा जारी बयान के अनुसार अनिल टूटेजा ने डीएमएफ निधि ⏭ शेष पेज 13 पर



### यह है डीएमएफ घोटाला

ईडी की रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्लू ने आईपीसी की धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है। केस में यह तथ्य निकाल कर सामने आए हैं कि डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड कोरबा के फंड से अलग-अलग टेंडर आवंटन में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितता पाई गई। टेंडर भरने वालों ⏭ शेष पेज 13 पर

### टुटेजा का नाम शराब से लेकर नान घोटाला में शामिल

दागी रिटायर्ड आईएएफ अफसर अनिल टूटेजा का नाम राज्य के जितने चर्चित घोटाले हैं, उन सब में शामिल है। अनिल टूटेजा को शराब घोटाला का किंग पिन बताया गया है। उनका नाम नाम घोटाला में भी शामिल है। नान तथा शराब घोटाला में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद अब उनकी गिरफ्तारी डीएमएफ घोटाला में की गई है। जांच एजेंसी के अनुसार डीएमएफ घोटाला में शामिल अन्य लोगों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। जांच एजेंसी ने पिछले सप्ताह डीएमएफ घोटाला में शामिल एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है।

## सीएसएमसीएल ओवरटाइम भुगतान कमीशन मामले में अनवर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राज्य के चर्चित शराब घोटाला के मास्टर माइंड अनवर ढेबर को ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेपशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) ओवर टाइम भुगतान 28.80 लाख रुपए कमीशन मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर ईओडब्लू ने पूछताछ करने रिमांड हासिल की है। इसके पूर्व पिछले सप्ताह ईओडब्लू ने इसी प्रकरण में एक्साइज डिपार्टमेंट के पूर्व ⏭ शेष पेज 13 पर

### कमीशन की राशि अनवर ढेबर तक पहुंचाई जाती थी

व्यवहार में ओवर टाइम की राशि कर्मचारियों को भुगतान न होकर एजेंसियों के माध्यम से अवैध रूप से कमीशन के रूप में निकाली व वितरित की जाती थी। यह पूरी प्रक्रिया वस्तुतः शासन के आबकारी राजस्व से ओवरटाइम भत्ते के नाम पर राशि निकालकर उसे वास्तविक कर्मचारियों ⏭ शेष पेज 13 पर

### ओवर टाइम पेमेंट के नाम पर सौ करोड़ से अधिक का घोटाला

वर्ष 2019-20 से 2023-24 के बीच ओवरटाइम भत्ता के नाम पर 100 करोड़ से अधिक भुगतान करने का आरोप है। नियमानुसार यह राशि शराब दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को देय अतिरिक्त भुगतान थी तथा यह राशि बिलों के ⏭ शेष पेज 13 पर

*यूपीआई-फास्टैग से ही करना होगा भुगतान*

## टोल प्लाजा में 1 अप्रैल से नहीं चलेगा कैश

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित देशभर के नेशनल हाईवे और एक्सप्रेस-वे में लगे टोल प्लाजा को पूरी तरह से ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके तहत एक अप्रैल 2026 से टोल प्लाजा में कैश लेना पूरी तरह से बंद हो जाएगा। वाहन चालक टोल टैक्स सिर्फ ऑनलाइन यानी यूपीआई और फास्ट टैग से ही अदा कर पाएंगे। एनएचएआई यह सिस्टम टोल प्लाजा में कैशलेन के कारण लगने वाली लंबी कतार से राहत दिलाने तथा पारदर्शिता के उद्देश्य से लागू करने जा रहा है। ऑनलाइन भुगतान से गाड़ियों को भी टोल प्लाजा में ज्यादा समय रुकना नहीं पड़ेगा, जिससे डीजल-पेट्रोल की बचत होगी तथा प्रदूषण भी कम होगा।




### कैश लेना खत्म हो जाएगा

*पूरे प्रदेश में एक अप्रैल से नेशनल हाईवे और एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा में कैश लेना खत्म हो जाएगा। वाहन चालक यूपीआई या फास्ट टैग के जरिए ही टोल टैक्स अदा करना होगा। इस नए सिस्टम से पारदर्शिता के साथ समय, पेट्रोल-डीजल की बचत, प्रदूषण में कमी तथा जाम से मुक्ति मिलेगी।*

*- प्रदीप लाल, आरओ, एनएचएआई छत्तीसगढ़*

### चिल्हर नहीं होने के कारण लगता है जाम

टोल प्लाजा में अब तक टोल टैक्स का भुगतान यूपीआई और फास्ट टैग के अलावा कैश भी किया जाता है। कैश भुगतान के दौरान ज्यादातर चिल्हर की समस्या देखी जाती है। इसके कारण टोल प्लाजा में गाड़ियों की कतारें लग जाती हैं, जिससे कई बार जाम की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। इस समस्या को खत्म करने के लिए एनएचएआई ने कैश भुगतान की सुविधा को 1 अप्रैल से खत्म करने जा रही है। हालांकि इस सुविधा के खत्म होने से चिल्हर की समस्या भी खत्म हो जाएगी, जिससे प्रत्येक वाहन का चालक भी फटाफट यूपीआई या फास्ट टैग से ऑनलाइन टोल देकर गंतव्य स्थान के लिए रवाना हो पाएगा। इससे जाम की स्थिति भी निर्मित नहीं होगी।

### दोगुना भुगतान करना नहीं पड़ेगा

*टोल प्लाजा में कैश से टोल टैक्स अदा करना वाहन चालक को काफी महंगा पड़ रहा है। वर्तमान में फास्ट टैग नहीं है, और वह कैश से भुगतान करता है, तो उसे दोगुना टोल देना पड़ता है, वहीं यूपीआई से भुगतान करने पर 1.25 गुना शुल्क लिया जाता है। इस तरह ऑनलाइन भुगतान से वाहन चालक को अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं करना होगा।*

### वाद-विवाद की स्थिति से मिलेगी मुक्ति

*कैश भुगतान के कारण कई बार टोल प्लाजा में दोगुना टैक्स लेने तथा चिल्हर नहीं होने की स्थिति में वाहन चालक और टोल प्लाजा कर्मियों के बीच विवाद की स्थिति भी निर्मित होने की खबरें सामने आ चुकी हैं। कई बार तो इस विवाद के कारण भी जाम की स्थिति बन जाती है, लेकिन ऑनलाइन भुगतान शुरू होने के बाद इस तरह की स्थितियां भी निर्मित नहीं होगी।*

# होली पर हुड़दंगियों पर होगी पैनी नजर बदमाशों को थाने में किया तलब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा नेवरा

होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। तिल्दा पुलिस ने अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सभी निगरानी / गुंडा / माफ़ी मदमाशो को थाने में तलब किया.और हुड़दंग करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

होली पर्व को शांतिपूर्ण मनाने के लिए पुलिस ने प्लान तैयार कर लिया है। गुंडा बदमाशों व असामाजिक तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी संवेदनलशील इलाकों में पुलिस के जवान तैनात किए जाएगे । त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी,,हुड़दंग या साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सवेंदनशील माने जाने वाला होली पर्व पर अपराध और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है.। इसी कड़ी में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अमन-चैन बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने....थाना क्षेत्र के निवासरत व्यक्तियों, जिनके विरुद्ध पूर्व में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता अथवा समाजिक परीशान्ति भंग करने में शामिल होने की संभावना है, उन्हें थाना में तलब किया गया। थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी ने सभी निगरानी / गुंडा / माफ़ी बदमाश एव ऐसे युवा जो आपराधिक घटना मे शामिल हो सकते है सभी को कड़ी चेतावनी व समझाइश देते दो टूक में हिदायत देते कहा, होली शांति और भाईचारे के साथ मनाए। त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, हुड़दंग या साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश की गई तो पुलिस सख्ती के साथ अपना कम करेगी।

## तिल्दा पुलिस की तैयारी, शहर सहित इलाके मे रहेगी खाकी की विशेष निगरानी



### तत्काल करेगी कार्रवाई

होली दौरान तीन सवारी अथवा शराब पीकर स्टंट करने पर पुलिस वाहन जप्त करने की कार्रवाई करेगी। पुलिस ने खासकर युवाओ निवेदन करते चेतावनी दी है की सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट न करे ना ही ऐसा कोई रील बनाये यदि इस तरह के कार्यो की शिकायत मिलेगी तो थाना स्तर पर बनाई गई सोशल मिडिया निगरानी टीम कार्यवाही तत्काल करेगी। पुलिस द्वरा आम जनता से भी अपील की गई है कि होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने सतत निगरानी के लिए अलग अलग पेट्रोलिंग टीम बनाई गई है .ती स्वयं भी पेट्रोलिंग करेंगे ।

## खबर संक्षेप

### हेमलता साहू बनीं मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष



**आरंग।** अटल नगर नया रायपुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रथम अध्यक्ष के रूप में हेमलता साहू की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त अध्यक्ष ने संगठन महामंत्री पवन साय, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित सभी वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं का आभार जताया। हेमलता साहू ने संगठन के विश्वास पर खरा उतरते हुए भाजपा की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने और महिला मोर्चा को मजबूत बनाने का संकल्प लिया है।

### ग्राम चंडी में 21 बछड़ों का बधियाकरण किया



**अभनपुर।** पशु औषधालय संकरी द्वारा ग्राम नाहना चण्डी में कृत्रिम गर्भाधान अभियान चलाया गया। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी टीडी मानिकपुरी ने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान पशुओं के नस्ल सुधार का एक आधुनिक एवं प्रभावी माध्यम है, किंतु क्षेत्र में मौजूद निकृष्ट एवं नाटे बछड़े (स्थानीय सांड) इस प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न कर रहे थे, जिससे गर्भाधान कार्य प्रभावित हो रहा था। इसी समस्या के समाधान के लिए कुल 21 निकृष्ट बछड़ों का बधियाकरण किया गया। इस पहल से नस्ल सुधार कार्यक्रम को गति मिलेगी तथा किसानों को बेहतर नस्ल के पशु प्राप्त होंगे, जिससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

### ग्राम सड्डू में जस झांकी व जगराता महोत्सव 26 को

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू महामाया पारा में 26 फरवरी दिन गुरुवार को एक दिवसीय देवी जस झांकी एवं जस जगराता महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक महिला सेवा मंडली ग्राम सांकरा, भूमिया, बेमता, सुंगेरा, सगुनी ओटगन, कुंदरू, निनवा, सड्डू आदि सेवा मंडली प्रस्तुति देंगे। शाम 5 बजे से सतनाम आदर्श बालिका पंथी संस्था रिसाअमली नवागढ़ जिला बेमेतरा, राग रागिनी सुआ एवं जस जगराता मानस परिवार ग्राम भोरिंग महासमुंद, ज्ञान गंगा फाग मंडली सोमनाथ लखना, जय महामाया जस झांकी परिवार ग्राम संकरी जिला बलौदाबाजार, जय मां शारदा पूरन जस झांकी परिवार बेलदार सिवनी खरोरा का कार्यक्रम आयोजित है।

## निधन

### रेखा आडिल

**सिलयारी।** धरसीवां विधानसभा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता ग्राम पथरी निवासी नीलकंठ आडिल की पुत्रवधू तथा अधिवक्ता विनोद कुमार आडिल की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा आडिल का स्वर्गवास 23 फरवरी को हो गया है जिसका अंतिम दर्शन निवास स्थान आदर्श नगर मोवा में 24फरवरी सबेरे आठ बजे रखा गया है तथा अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे गृहग्राम पथरी में किया जाएगा।

## अवैध सड़कों चलाया बुलडोजर, खोदे गड्ढे और किया ब्लाक

# मंदिरहसौद में अवैध प्लाटिंग पर की कार्रवाई रजिस्ट्री बैन करने रजिस्टार को लिखी चिट्ठी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग/चंदखुरी




रायपुर के निकट मंदिर हसौद नगर पालिका अंतर्गत ग्राम नकटा में चल रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ हमारी अखबार ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था जिस पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) पूजा पिल्ले ने निगम टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी से अवैध रूप से बनाई गई सड़कों को खोदने की कार्यवाही किया। मामला

- 200 से अधिक छोटे-छोटे प्लाटों की रजिस्ट्री होने की चर्चा

शिकायत कर्ता आम आदमी पार्टी के नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमानंद जांगड़े ने उक्त मामले में शिकायत दर्ज करायी थी जिसमे नगर पालिका की शासकीय भूमि पर बिना अनुमति के अवैध रूप से रोड बनाकर शासन से बिना अनुमति लिए नक्शा पास कराये बगैर रेरा से बिना रजिस्टेशन के अवैध रूप से प्लाटिंग करने के मामले पर शासन ने संज्ञान लेते हुए सख्ती से अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही किया है। नगर पालिका ने अवैध प्लाटिंग पर संबंधित खसरा कों ब्लॉक करने और रजिस्ट्री पर बैन लगाने के लिए रजिस्टार को पत्र भेजे हैं। सीएमओ ने स्पष्ट कहा है कि पूर्व में की गई कार्रवाई के बावजूद पुनः अवैध गतिविधियां शुरू होने पर अब सख्ती बरती जाएगी, निगम प्रशासन भू-माफियाओं अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्यवाही करेगी। स्थानीय निवासियों और शिकायतकर्ताओं के अनुसार, भू-माफिया सरकारी/नगर पालिका की भूमि पर बिना किसी अनुमति के रोड-रास्ता बनाकर प्लाटिंग कर रहे थे। ग्राम एवं नगर निवेश विभाग तथा रेरासे कोई लेआउट या नक्शा पास नहीं कराया गया था। फिर भी कैनोपी लगाकर लोगों को भ्रामक प्रलोभन देकर प्लॉट बेचे जा रहे थे। पहले भी नगर पालिका ने अवैध रोड काटकर कार्रवाई की थी, लेकिन कुछ समय बाद ही गतिविधियां फिर शुरू हो गईं। आरोप है कि अब तक 200 से अधिक प्लॉट की छोटे-छोटे टुकड़ों में रजिस्ट्री हो चुकी है।

शिकायतकर्ता आम आदमी पार्टी के नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमानंद जांगड़े ने कलेक्टर, तहसीलदार, एसडीएम, सीएमओ और अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की है। उन्होंने अवैध प्लाटिंग करने वालों के साथ-साथ संरक्षण देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर भी जांच की मांग की है। कहा विनोद साहू, तहसीलदार मंदिर हसौद ने इस सम्बन्ध मे कहा की अवैध प्लाटिंग की शिकायत प्राप्त हुई थी नगर पालिका सीएमओ को टेलीफोनिक चर्चा के माध्यम से शिकायत से अवगत कराते हुए कार्यवाही के लिए कहा था।

इधर पूजा पिल्ले सीएमओ नगर पालिका मंदिर हसौद ने कहा की शिकायत संज्ञान में आने पर पूर्व में नगर पालिका द्वारा रोड काटी गई थी और तहसीलदार द्वारा खसरा ब्लॉक किया गया था। फिर से अवैध प्लाटिंग शुरू होने पर सख्त कार्यवाही की गई। आज जेसीबी से रोड खोदकर स्थायी रोक लगाई गई है। खसरा ब्लॉक करने की कार्यवाही हेतु रजिस्टार को पत्र निगम द्वारा जारी किया गया है। उक्त प्लाट की रजिस्टी बैन किया जाएगा।

## वर्ष 2026 का पहला चंद्रग्रहण 3 को पूजा-पाठ व औषधि स्नान लाभप्रद

**आरंग।** ज्योतिषाचार्य पं.अजीत कमलनारायण शर्मा ने बताया कि यह इस वर्ष का प्रथम तथा विक्रम संवत 2082 का अंतिम चंद्रग्रहण है यह खंडग्रास चंद्रग्रहण फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा 03-03-26 मंगलवार के दिन होगी जब चंद्र पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में सिंह राशि मे केतु के साथ विराजमान होंगे। ग्रहण का सूतक काल (रायपुर दृक गणना अनुसार) 3 मार्च को प्रातः 09:07 से आरंभ होगा, ग्रहण स्पर्श सायं 06:07 पर चन्द्रोदय के साथ और मोक्ष सायं 06:47 पर होगा। ग्रासमान की पूर्ण अवधि 40 मिनट की होगी।यह भारत में दृश्य एवं मान्य होगा। भारत में दृश्य होने के कारण सभी मंदिर देवालय भी सूतक के कारण पट बन्द होंगे। ग्रहों की स्थिति के अनुसार यह ग्रहण मेष-चिंता, वृषभ-कलह, वृश्चिक- यश, मिथुन तुला और मीन को सुख एवं लाभ,कर्क सिंह और कन्या को हानि एवं घात, धनु को मानहानि, मकर और कुम्भ को कष्ट होगा। ध्यान देने योग्य यह है कि ग्रहण पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र तथा सिंह राशि में हो रहा है, अतः इस नक्षत्र एवं राशि के जातकों को ग्रस्तोदय ग्रहण का विशेष रूप से अशुभ एवं कष्टकारी होगा।जिस राशि के लिए ग्रहण का फल अशुभ कहा गया है, उसे यथाशक्ति जप-पाठ, ग्रह-राशि (चन्द्रमा एवं राशिस्वामी सूर्य की) एवं दानादि द्वारा अशुभ प्रभाव को क्षीण किया जाता है। इसके अतिरिक्त ग्रहण उपरान्त औषधि स्नान करने से भी अनिष्ट की शान्ति होती है। जिस राशि में ग्रहण होता है उस राशि वाले को उपाय अवश्य करना चाहिए।

- ग्रहण प्रात : 09 :07 से आरंभ, ग्रहण स्पर्श सायं 06 :07 पर चन्द्रोदय के साथ और मोक्ष सायं 06 :47 बजे

आचार्य अजीत अनुसार चंद्र ग्रहण की वजह से प्राकृतिक आपदाओं का समय से ज्यादा प्रकोप देखने को मिलेगा। इसमें भूकंप, बाढ़, सुनामी, विमान दुर्घटनाएं का संकेत मिल रहे हैं। प्राकृतिक आपदा में जनहानि कम ही होने की संभावना है।फिल्म एवं राजनीति से दुखद समाचार मिल सकता है। व्यापार में तेजी आएगी। बीमारियों में कमी आएगी। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आय में इजाफा होगा। वायुयान दुर्घटना होने की संभावना। पूरे विश्व में राजनीतिक अस्थिरता यानि राजनीतिक माहौल उच्च होगा तथा आरोप-प्रत्यारोप ज्यादा होंगे। सत्ता संगठन में बदलाव होंगे। पूरे विश्व में सीमा पर तनाव शुरू हो जायेगा। आंदोलन, हिंसा, धरना प्रदर्शन हड़ताल, बैंक घोटाला, उपद्रव और आगजनी की स्थितियां बन सकती है।

# किरण महिला मोर्चा की और प्रमोद बने भाजयुमो अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धरसींवा



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की सहमति से प्रदेश भर में जिला और मंडल स्तर पर संगठनात्मक नियुक्तियों का दौर जारी है। इसी क्रम में धरसींवा भाजपा मंडल में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण फेरबदल किए गए हैं। पार्टी नेतृत्व ने किरण साहू की सक्रियता और समर्पण को देखते हुए उन्हें धरसींवा भाजपा मंडल महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई और प्रमोद निषाद पर भरोसा जताते हुए उन्हें मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों की घोषणा के बाद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

भाजपा नेतृत्व का मानना है कि इन नियुक्तियों से आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों और सांगठनिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। महिला मोर्चा न केवल महिलाओं को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करेगा, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएगा। संगठन का मानना है कि किरण साहू और प्रमोद निषाद के नेतृत्व में धरसींवा क्षेत्र में पार्टी का आधार और अधिक मजबूत होगा।

### संगठन को सशक्त बनाना मेरा मुख्य ध्येय : किरण साहू

अपनी नियुक्ति के पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनियुक्त महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण साहू ने कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, /"भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा महिलाओं के सम्मान और उनकी भागीदारी को प्राथमिकता दी है। मेरी प्राथमिकता धरसींवा मंडल के प्रत्येक गांव और घर तक पहुँचकर बहनों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है।

## डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर हुई वालीबाल स्पर्धा में कवर्धा टीम की जीत

**सिलयारी।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके गृह ग्राम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के सहसंयोजक नितिन गौरीशंकर अग्रवाल ने डॉ. बघेल के चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नितिन अग्रवाल ने डॉ. बघेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता और पहचान के लिए उनका त्याग और संघर्ष अद्वितीय है। उन्होंने कहा, /"डॉ. बघेल ने जिस समृद्ध और स्वाभिमानी छत्तीसगढ़ की कल्पना की थी, उसे साकार करना ही हम सबका ध्येय है। वे आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव मार्गदर्शक रहेंगे। पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में ग्राम में पिछले 50 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रही प्रतिष्ठित वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ।

## कांग्रेस ने कस्तूरबा गांधी, आजाद और बघेल की पुण्यतिथि मनाई

**तिल्दा नेवरा।** कांग्रेस भवन तिल्दा नेवरा में रविवार को शहर एव ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने स्व.कस्तूरबा गांधी, देश के प्रथम पूर्व केंद्रीय मंत्री व भारतरत्न मौलाना स्व. खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर इन महान विभूतियों के द्वारा देश के प्रति निभाई गई भूमिका को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया ।

शहर कांग्रेस के अध्यक्ष अजितेश शर्मा ने ने कहा कि मां कस्तूरबा ने गांधी के साथ पूरा जीवन व्यतीत करते हुए उनके हर काम की सहभागी बनीं रही। प्रथम शिक्षामंत्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना आजाद के आजादी की लड़ाई में सहभागिता और शिक्षामंत्री के रूप में उनके द्वारा देश के प्रति निभाई गई भूमिका को को कभी नही भुलाया जा सकता है ।उन्होंने खूबचंद बघेल को



छत्तीसगढ़ का सपूत बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का भला उनके बताए रास्ते पर चलने से ही होगा। कार्यक्रम को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण,ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू ने भी संबोधित किया। इस मौके परकंरेसी नेता मोती हिंदूजा, सुनील सोनी, गोवर्धन यदु, मुरली मनोहर वर्मा, कैलाश गांधी, हरि मारखंडे, अनिल सिंह, अमजद खान, अजमेर बेग,द्वारिका शर्मा, गुलाब यदु, दाउद अहमद, विष्णु गोस्वामी, विक्रम वर्मा, गांधी राम निषाद, चिंता लाल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आपसी रंजिश में चिकन दुकान संचालक पर चॉपड़ से जानलेवा हमला

**अभनपुर।** सब्जी मार्केट के पास स्थित चिकन दुकान में आपसी रंजिश को लेकर सन्नी ध्रुव नामक व्यक्ति ने दुकान संचालक झूलाराम साहू पर धारधार चॉपड़ से प्राणघातक हमला किया जिससे संचालक के गर्दन व सीना में गंभीर चोटे आई है। घायल को तुरंत शासकीय अस्पताल मे भर्ती किया गया वहीं प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया है। अभनपुर नगर के मध्य मे सब्जी दुकान से लगा हुआ चिकन दुकाने है जहां आए दिन वाद विवाद व मारपीट की घटना आम बात है, प्रतिदिन की मात्र एक सब्जी मार्केट होने से यहां अधिकांश महिलाओ का आना जाना रहता है। इस प्रकार की घटना से लोग अपने आप से असुरक्षित महसूस कर रहे है। कई बार यहां की चिकन मटन की दुकान को अन्य जगह पर स्थान्तरित करने हाई कोर्ट से भी निर्णय आ चुका है लेकिन नगर पालिका की उदासीन रवैया के चलते चिकन मटन दुकानो को नही हटाया जा सका है। इसी स्थान पर सभी शासकीय प्रमुख कार्यालय एसडीएम, तहसील, जनपद, रजिस्ट्री ऑफिस जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय के अलावा गायत्री मंदिर, शिव मंदिर आदि स्थित है। विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा भी इस स्थान को व्यवस्थित व सुसज्जित रखने के लिए 78 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दिलवाया गया है,नगर के लोगो ने इस घटना से नगर के महिलाओ मे भय के साथ आक्रोश व्याप्त है।

## कोयला रेक प्वाइंट पर मिली अज्ञात युवक की लाश, हत्या की आशंका

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा कोयला रेट पॉइंट पर पुलिस को एक अज्ञात युवक की अर्धनग्न अवस्था में लाश मिली है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का माना जा रहा है।इस बात का भी कयास लगाया जा रहा है कि किसी अन्य जगह पर उसकी हत्या कर लाश को कोयला पॉइंट पर आकर फेंका गया है। तिल्दा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को पुलिस को तिल्दा कोयला रेल पॉइंट के पास उस समय हडकंप मच गई जब एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी हुई देखी गई । जानकारी मिली तो पुलिस मौके पर पहुंच गई, लाश अर्धनग्न अवस्था में पड़ी हुई थी । पुलिस ने लाश का पंचनामा कराकर आसपास के लोगों



से पहचान कराने की कोशिश की लेकिन पहचान नहीं हो सकी। जिस जगह पर लाश मिली है। ऐसा माना जा रहा है की शव को किसी दूसरी जगह से लाकर फेका गया है। चुकि वहां दिन-रात मजदूर काम करते हैं। बावजूद किसी की नजर ट्रेक के किनारे पड़ी लाश पर नहीं पड़ी।पुलिस ने शव कको चीर घर में रखा है ,पोस्ट मार्टम के बाद हकीकत का पता चलेगा ,हत्या हुई है या सामान्य मौत हुई है..


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती शशिकला दिव्यपाल, पिता स्व. श्री के.के.एम. राव, निवासी गली नं 2, हिमाचन आईस फैक्ट्री, पूनम प्रोविजन स्टोर्स, तेलीबांधा, रायपुर, छ.ग. के हक स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा/ग्राम-टेमरी, प.ह.नं. 78, रा.नि.मं. सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर, छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 184/192, रकबा 0.0210हे. 2294 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अनुबंध निष्पादन किया जा चुका है मात्र पंजीयन बैनामा की कार्यवाही शेष है।

यह कि, उपरोक्त सौदे को लेकर किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय निकाय/ बैंक/ पक्षकार को किसी भी प्रकार से आपत्ति हो तो कृपया उपरोक्त खसरे से संबंधित भूमि के समस्त कागजातों के साथ मेरे कार्यालय में 07 दिवस के भीतर अपना दावा प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद के पश्चात किसी प्रकार की दावेदारी उपरोक्त भूमि के संबंध में शून्य माना जावेगा। बाद म्याद बीतने पर की गई आपत्ति शुन्य व अवैध मानी जावेगी, जो हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और हमारे पक्षकार की स्थिति सदभाविक क्रेता की होगी,और हमारा उपरोक्त संपत्ति का विक्रय विलेख का निष्पादन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग. दिनांक 23/02/2026

भवदीय
श्री गोपी राव चुटे, श्रीमती गायत्री साहू, रूखमणी, अधिवक्तागण
कार्यालय- शांभवी कन्सल्ट पॉईंट, प्रगति हार्डवेयर वाली गली, बसंत विहार, गोंदवारा, रायपुर, छ.ग.
मो. नं. - 7987404050



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-15 (धरसींवा) तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 23.02.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका सुधीर अग्रवाल पिता डॉ. अमर अग्रवाल, निवासी ए-25 भाठागांव चौक राधास्वामी नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम मुरैठी प.ह.नं. 20 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-15 (धरसींवा) स्थित भूमि खसरा नंबर 264/2 रकबा 0.393 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के ज्ञा.क्र. Q/ वाचक/ तह./ वर्ष 2025-26 धरसींवा के आदेश दिनांक 12.02.2026 के परिपालन में दिनांक 09.03.2026 को समय 12:00 बजे पश्चात किय जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/ समय तक पटवारी हल्का नंबर 20 के पटवारी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-15 (धरसींवा)



**समक्ष श्रीमान नोटरी पब्लिक आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**//शपथ पत्र //**

हेमलाल वैष्णव, उम्र 55 वर्ष, पिता बलिदास वैष्णव, निवासी सेमरिया, पोस्ट-समोदा, तहसील आरंग व थाना आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) का निवासी हूँ की हूँ जो कि सत्य निष्ठा के साथ निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ) :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे पुत्र के 5th व 8TH व 10TH शैक्षणिक दस्तावेज मेरा नाम अनिश वैष्णव पिता हेमलाल वैष्णव (ANISH VAISHNAV S/O HEMLAL VAISHNAV) दर्ज है, जो कि मेरा सही व वास्तविक नाम है।
3. यह कि मेरा पुत्र के आधार कार्ड देवेन्द्र कुमार वैष्णव पिता हेमलाल वैष्णव (DEVENDRA KUMAR VAISHNAV S/O HEMLAL VAISHNAV) जो कि आधार कार्ड क्रमांक- 3978 5426 0388 भूलवश अंकित है। जिसे सुधार कर अनिश वैष्णव पिता हेमलाल वैष्णव (ANISH VAISHNAV S/O HEMLAL VAISHNAV) मेरे आधार में अंकित करना है। नाम में एकरूपता लाने व शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने एवं इस आधार पर मेरे सभी शासकीय, अर्धशासकीय प्रमाण पत्रो, राजस्व अभिलेखो व अन्य दस्तावेजो मे अंकित करवाने हेतु आवेदन सादर प्रस्तुत है।यह कि उक्त कथन के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत
4. यह कि उक्त कथन के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।
5. यदि भविष्य में मेरे द्वारा दिया गया उपरोक्त कथन असत्य पाया जाता है, तो इसके लिए मैं स्वयं पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहूँगा/ रहूँगी।

शपथकर्ता

-: सत्यापन :-

मैं निष्ठापूर्वक सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 05 तक में उल्लेखित उपरोक्त सभी तथ्य मेरे विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य व सही है।

स्थानः आरंग
दिनांक : सत्यापनकर्ता



तृतीय पुण्यतिथि



जन्मतिथि 10-09-1990
स्वर्गवास 24-02-2023

स्व. इन्द्रकुमार साहू (अमित)

तुम्हारा हाथ जरूर छुटा हमसे, पर छुटा नहीं साथ।
मन में हर पल तुम्हारी याद संजोए, हमेशा रहेगा तुम्हारा साथ।।

आज तृतीय पुण्यतिथि पर आपको शत्-शत् नमन...

-: विनीत :-
श्री शत्रुघन साहू (दादा)-श्रीमती गोदावरी साहू (दादी)
श्री आत्माराम साहू - श्रीमती देवकुमारी साहू (पापा-मम्मी)
एवं समस्त साहू परिवार, धरमपुरा (रायपुर)



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न

जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज

सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# ड्राइंग और डिजाइन में उलझे नालंदा परिसर, कई जगह चट्टान, कहीं पेड़, कहीं भूमिपूजन नहीं होने से रुका निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक नालंदा परिसर निर्माण है, इस योजना के क्रियान्वयन यानी निर्माण कार्यों में कई तरह के कारणों से रुकावटें आ रही हैं। किसी जगह निर्माण इसलिए नहीं हो पा रहा है, वहां चट्टान आड़े आ रही है। कहीं पेड़ बाधा बन रहे हैं और तो और एक जगह पर निर्माण इसलिए नहीं हो पाया है कि वहां निर्माण स्थल पर भूमिपूजन का कार्यक्रम नहीं हो पाया है।

### ये है मामला

राज्य के कई जिलों में नालंदा परिसर( लाइब्रेरी) निर्माण किया जा रहा है। राज्य शासन ने इस परियोजना के लिए धन राशि जारी कर दी है। इसके साथ ही कई जिलों में निर्माण की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। लेकिन जब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई तो कई तरह की खामियों की बात सामने आई, जिनकी वजह से निर्माण कार्य बाधित हो रहे हैं। संचालन ने पिछले महीने इस संबंध में समीक्षा की थी। इस समीक्षा बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों समेत नालंदा परिसर निर्माण एजेंसी के ठेकेदार भी शामिल हुए थे।

## निर्माण कार्यों की समीक्षा में सामने आई गड़बड़ियां, नगरीय प्रशासन के संचालक ने जताई नाराजगी

### कहां किस वजह से आ रही है बाधा

दुर्ग नगर पालिका निगम में चल रहे कार्य के संबंध में कार्यपालन अभियंता ने बताया कि उन्हें 2 जून 2025 को कार्यादेश मिला था, अब तक भौतिक प्रगति अपेक्षित प्रगति से 31.38 प्रतिशत कम है। जब संचालक ने इसकी वजह पूछी तो बताया गया कि प्रस्तावित भूमि में बदलाव होने के कारण नए स्थल के चयन में एक महीने का समय लग गया। एसबीसी टेस्ट होने के बाद डिजाइन ड्राइंग मिलने में तीन माह का समय लग सकता है। इधर राजनांदगांव में भी देरी की वजह ड्राइंग डिजाइन मिलने में देरी की वजह बताई गई है। यह बात सुनने के बाद संचालक ने नाराजगी दिखाते हुए कार्यपालन अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया।



फाइल फोटो

### 8 महीने बाद भी काम शुरू नहीं हुआ

अंबिकापुर नगर पालिक निगम के अंतर्गत जो नालंदा परिसर बनाया जा रहा है, उसकी हालत और ज्यादा खराब है। यहां कार्यादेश जारी होने के 8 माह बाद भी निर्माण शुरु नहीं हो पाया है। समीक्षा में माना गया कि ये अत्यंत निराशाजनक स्थिति है। यहां भी संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, यही नहीं निर्माण एजेंसी श्रद्धा कंस्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड बिलासपुर) को अनुबंध खत्म करने अंतिम नोटिस जारी करने कहा गया है।

### यहां चट्टान आ गई आड़े... पेड़ से भी बाधा

इधर बालोद नगर पालिका में नालंदा परिसर निर्माण का हाल देखिए। समीक्षा में उप अभियंता ने बताया कि प्रस्तावित भूमि पर भारी चट्टान मिलने के कारण उसकी तोड़ फोड़ में अत्याधिक समय व्यतीत हुआ। इस पर भी संचालक ने नाराजगी जताई है। कांकेर में डिजाइन और ड्राइंग मिलने में चार माह की देरी हुई। इशके साथ ही प्रस्तावित भूमि पर पेड़ होने के कारण उसकी कटाई की अनुमति मिलने में देरी हुई। नगर पालिका जांजगीर नैला में भी देरी की वजह स्ट्रक्चरल ड्राइंग का देरी से अनुमोदन हुआ बताया गया है। यही बात नगर पालिक बलौदाबाजार के संबंध में भी सामने आई।

## खबर संक्षेप

### 25 और 26 को कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे मंत्री



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में प्रदेश सरकार के मंत्री लगातार कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों से मुलाकात उनके आवेदनों का निराकरण कर रहे हैं। सहयोग केन्द्र में आवेदनों के निराकरण से कार्यकर्ताओं एवं आमजनों में भारी उत्साह है। 25 फरवरी को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग उपस्थित रहेंगे। इसके अगले दिन 26 फरवरी को प्रदेश की संस्कृति व पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल सहयोग केंद्र में समस्याएं सुनकर समाधान करेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा मंत्री अमित साहू उपस्थित रहेंगे।

### दिग्विजय सिंह दो दिवसीय दौरे पर आएंगे छत्तीसगढ़



**रायपुर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। 25 फरवरी को भोपाल से दोपहर 1.15 बजे रवाना होकर 2.20 बजे रायपुर पहुंचेंगे। यहां पर तेंदूपत्ता नीति को लेकर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। मध्यप्रदेश में अर्जुन सिंह सरकार के समय लागू की गई तेंदूपत्ता नीति के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के प्रमुख नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव सहित कई नेता हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन अर्जुन सिंह की बेटी वीणा सिंह के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद रायपुर में ही रात्रि विश्राम करेंगे।

### अंगदान का संकल्प लेने वाली पशु चिकित्सक सम्मानित



**रायपुर।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दक्षिचि के तहत मानवता और जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए बैरन बाजार स्थित जिला वेटनरी हॉस्पिटल में पदस्थ पशु चिकित्सक डॉ. देव प्रभा ने अंगदान का संकल्प लेकर समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस तरह उन्होंने जिले में संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के अंतर्गत अंग दान के लिए पंजीयन कराया है। कलेक्टर गौरव सिंह ने इसके लिए उन्हें सम्मान पत्र प्रदान कर उनकी सराहना की।

## राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

# अवैध कॉलोनी बनाई तो सीधे एफआईआर, सात साल की जेल और जमीन बेचकर होगी वसूली

## एक्ट के प्रावधानों का हवाला देते हुए कार्रवाई करने कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अवैध कॉलोनी बनाने वाले बिल्डरों की अब खैर नहीं। इस तरह के मामले की शिकायत आने पर अब सीधे एफआईआर की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सात साल तक की सजा हो सकती है। यही नहीं, जुर्माना भी लगेगा, अवैध रूप से बनी संपत्ति बेचकर राशि वसूल की जाएगी। इस संबंध में राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी किया है। इसके साथ ही निकायों को नगर नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 292 (सी) अंतर्गत दर्ज कराये जाने वाले प्रकरणों के संबंध में सामान्य निर्देश और नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339(सी) के तहत दर्ज कराए जाने वाले सामान्य निर्देश से भी अवगत कराया है। इसके साथ ही समस्त आयुक्तों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अवैध व्यपवर्तन (डायवर्सन) और अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कराएं।

खास खबर

### अब सीधे होगी एफआईआर

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि धारा 396 के तहत कानूनी कार्यवाही को गति दी जाएगी। अब तक कानूनी पेचीदगियों के कारण मामले लटके रहते थे, लेकिन अब आयुक्त या अधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित शिकायत प्राप्त होते ही न्यायालय मामले पर सुनवाई करेगा। नगर निगम के किसी भी प्राधिकृत पदाधिकारी या संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को विशेष रूप से शिकायत दर्ज करने के लिए सशक्त किया गया है। इस कानून की सबसे खास बात यह है कि यह केवल जमीन के मालिक या बिल्डर तक सीमित नहीं है। यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी निर्माण में दुष्प्रेरण (मदद या उकसावा) करता है, तो वह भी समान रूप से सजा और जुर्माने का भागीदार होगा।


फाइल फोटो

### अवैध कॉलोनी बनाना अपराध, 7 साल सजा का प्रावधान

अधिनियम की धारा 292 (सी) के तहत अब अवैध कॉलोनी निर्माण को एक गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इसके मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं। सजा की अवधिः दोषी पाए जाने पर अपराधी को कम से कम 3 वर्ष और अधिकतम 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी। जेल के साथ-साथ कम से कम 1 लाख रुपये का न्यूनतम जुर्माना भी लगाया जाएगा। केवल जेल और जुर्माना ही काफी नहीं होगा। न्यायालय अभियुक्त को यह आदेश भी दे सकेगा कि वह नगर निगम को उस प्रतिकर ( कंपनसेशन) राशि का भुगतान करे, जो उस अवैध कॉलोनी में सड़क, नाली और बिजली जैसे विकास कार्यों के लिए आवश्यक होगी।

### संपत्ति बेचकर होगी वसूली

राज्य की सभी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत को दिए गए निर्देश में सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि अवैध रूप से बनाई गई कॉलोनी को बेचकर भी वसूली की जा सकती है। कहा गया है कि इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए किसी नियम या उपविधि के अधीन, उसमें अन्यथा उपबंधित के सिवाय, कोई भी अभियोजन किसी भी मजिस्ट्रेट के समक्ष संस्थित किया जा सकेगा, और इस अधिनियम के या उसके अधीन बनाए गए किसी नियम या उपविधि के अधीन या उसके आधार पर अधिरोपित कोई भी जुर्माना या शास्ति, और किसी भी ऐसे प्रतिकर, व्यय, प्रभार या नुकसानी को जिसकी वसूली के लिए इस अधिनियम में अन्यथा कोई विशेष उपबंध नहीं किया गया है, किसी भी मजिस्ट्रेट को आवेदन करके उसकी अधिकारिता की सीमाओं के भीतर किसी भी ऐसी जंगम संपत्ति बेचकर वसूल किया जा सकेगा जो ऐसे व्यक्ति की है, जिससे धन का दावा किया जाने योग्य है।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे की व्यापक तैयारी, ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों की विशेष बैठक

■ मतदाता सूची से नाम कटने से बचाव का आव्हान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण की दूसरी मासिक बैठक जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे की अध्यक्षता में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ दौरे से पूर्व सभी स्तरों पर व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से आयोजित की गई। ब्लॉक एवं मंडल स्तर पर सक्रिय सहयोग एवं व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

बैठक के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन की प्रतियां रायपुर जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों को वितरित की गईं। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन की प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, सभी मतदाताओं का नाम स्वयं एवं अपने क्षेत्र के लोगों से चेक कर लीजिए। किसी भी सही मतदाता का नाम काटे ना हो। यदि किसी कारणवश किसी मतदाता का नाम कट गया है, तो तुरंत उसका दावा-पत्र अपने क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत करें और नाम पुनः जुड़वाने की प्रक्रिया पूरी कराएं। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं के नाम जुड़वाने, संशोधन एवं जागरूकता अभियान को तेजी से चलाया जाए ताकि कोई भी योग्य मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे।

### वरिष्ठ कांग्रेसियों की भागीदारी

पार्टी में लंबे समय से सक्रिय वरिष्ठ कांग्रेसियों, पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों एवं पूर्व कांग्रेस प्रत्याशियों से जिला ग्रामीण कार्यकारिणी में योगदान हेतु नाम आमंत्रित किए गए। संगठन को मजबूत बनाने के लिए उनके अनुभव का लाभ उठाने पर बल दिया गया।

### ब्लॉक और मंडल अध्यक्ष देंगे रिपोर्ट

ब्लॉक अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों से अपनी नियुक्ति के बाद अब तक किए गए संगठनात्मक कार्यों, जनता से जुड़े मुद्दों पर उठाए गए कदमों, धरना-आंदोलनों एवं विभिन्न पुण्यतिथि/स्मृति दिवस कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा गया। यह रिपोर्ट संगठन की प्रगति मूल्यांकन एवं आगे की रणनीति बनाने में सहायक होगी। बैठक में उपस्थित ब्लॉक-मंडल पदाधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी की और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# कांग्रेस विधायक दल में सरकार को घेरने की बनी रणनीति, धर्मांतरण विधेयक का विरोध भी

## लखमा को सत्र में अनुमति देने का कांग्रेसियों ने स्पीकर का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में कांग्रेस विधायकों ने सदन में सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की है, जिसमें धर्मांतरण विधेयक का विरोध भी शामिल है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ दीपक बैज, उप नेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल और पूर्व मंत्री कवासी लखमा शामिल हुए। वहीं कांग्रेसियों ने विधायक लखमा को सत्र में शामिल होने की अनुमति देने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार जताया।

कांग्रेस के सीनियर नेताओं ने बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए बजट सत्र की रणनीति को लेकर जानकारी दी। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस बजट सत्र में जनहित से जुड़े मुद्दों को आक्रामक ढंग से उठाएगी। उन्होंने धान खरीदी में कथित अव्यवस्था को सबसे




बड़ा मुद्दा बताते हुए कहा, राज्य के इतिहास में ऐसी बदइंतजामी पहले कभी नहीं देखी गई। प्रदेश के किसान परेशानियों का सामना कर रहे हैं, यह मुद्दा सदन में जोरदार तरीके से उठाया जाएगा।

### इन मुद्दों पर घेरने की बनी रणनीति

कांग्रेस ने प्रशासनिक आतंकवाद, गुरुर में पुलिस प्रताड़ना से जुड़े आत्महत्या का मामला, एसडीएम से संबंधित विवाद, एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में गड़बड़ी और बिजली बिल दरों में बढ़ोतरी जैसे मुद्दों पर भी सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। उन्होंने राज्य सरकार के आगामी तीसरे बजट पर निशाना साधते हुए इसे “दुर्गति वाला बजट” करार दिया।

### धर्मांतरण विधेयक का विरोध

धर्मांतरण विधेयक पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा, जब मामला कोर्ट में लंबित है, तो सरकार इस विषय पर कानून क्यों ला रही है। कांग्रेस इस विधेयक का विरोध करेगी।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर सवाल

नक्सलवाद को लेकर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा, कांग्रेस को इस बात की चिंता है कि सरकार एक ओर नक्सलियों के सफाए की बात कर रही है, लेकिन प्रभावित इलाकों के विकास को लेकर उसकी नीति स्पष्ट नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि इन क्षेत्रों में विकास कार्य आखिर कौन करेगा, सरकार या बड़े उद्योगपति? उन्होंने कहा, इस मुद्दे पर भी कांग्रेस ने रणनीति तैयार की है।

# विधानसभा परिसर में मिलेट कैफै, स्पीकर ने किया उद्घाटन

## देशभर के विधानसभा परिसर में से यह पहला मिलेट कैफे छत्तीसगढ़ में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मिलेट कैफेटेरिया का उद्घाटन किया। डॉ. रमन सिंह ने मिलेट्स के व्यंजनों का स्वाद लिया और इसकी सराहना की। इस कैफे में मुख्यतः मिलेट्स से निर्मित व्यंजन एवं उत्पाद उपलब्ध हैं। यह देश में किसी भी विधानसभा परिसर में प्रारंभ होने वाला पहला मिलेट कैफे है। इस मिलेट कैफे का संचालन साथी परियोजना के अंतर्गत किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में साथी



परियोजना के क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालयए रायपुर को लीड नोडल एजेंसी तथा राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम को सहायक एजेंट नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा, नोडल अधिकारी गजेंद्र चंद्राकर और अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बेमेतरा के विधायक ईश्वर साहू भी इस अवसर पर मौजूद थे। मिलेट कैफे का संचालन क्षीरसागर स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। विधानसभा परिसर में मिलेट कैफे शुरू करने की पहल से छत्तीसगढ़ राज्य के जन प्रतिनिधियों में मिलेट के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा।

### विस में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक



**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के समिति कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, विधायक श्री धरम लाल कौशिक, विधायक श्री धर्मजीत सिंह, विधायक श्री अजय चंद्राकर सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**तृतीय पुण्यतिथि**



जन्मतिथि 10-09-1990
स्वर्गवास 24-02-2023

**स्व. इन्द्रकुमार साहू (अमित)**

तुम्हारा हाथ जरूर छुटा हमसे, पर छुटा नहीं साथ।
मन में हर पल तुम्हारी याद संजोए, हमेशा रहेगा तुम्हारा साथ।।

आज **तृतीय पुण्यतिथि** पर आपको शत्-शत् नमन...

-: विनीत :-

श्री शत्रुघन साहू (दादा)-श्रीमती गोदावरी साहू (दादी)
श्री आत्माराम साहू - श्रीमती देवकुमारी साहू (पापा-मम्मी)
एवं समस्त साहू परिवार, धरमपुरा (रायपुर)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती शशिकला दिव्यपाल, पिता स्व. श्री के.के.एम. राव, निवासी गली नं 2, हिमाचन आईस फैक्ट्री, पूनम प्रोविजन स्टोर्स, तेलीबांधा, रायपुर, छ.ग. के हक स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा/ग्राम-टेमरी, प.ह.नं. 78, रा.नि.मं. सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर, छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 184/192, रकबा 0.0210हे. 2294 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अनुबंध निष्पादन किया जा चुका है मात्र पंजीयन बैनामा की कार्यवाही शेष है।

यह कि, उपरोक्त सौदे को लेकर किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय निकाय/ बैंक/ पक्षकार को किसी भी प्रकार से आपत्ति हो तो कृपया उपरोक्त खसरे से संबंधित भूमि के समस्त कागजातों के साथ मेरे कार्यालय में 07 दिवस के भीतर अपना दावा प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद के पश्चात किसी प्रकार की दावेदारी उपरोक्त भूमि के संबंध में शून्य माना जावेगा। बाद म्याद बीतने पर की गई आपत्ति शुन्य व अवैध मानी जावेगी, जो हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और हमारे पक्षकार की स्थिति सदभाविक क्रेता की होगी,और हमारा उपरोक्त संपत्ति का विक्रय विलेख का निष्पादन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग. दिनांक 23/02/2026

भवदीय
श्री गोपी राव चुटे, श्रीमती गायत्री साहू, रूखमणी, अधिवक्तागण
कार्यालय- शांभवी कन्सल्ट पॉईंट, प्रगति हार्डवेयर वाली गली, बसंत विहार, गोंदवारा, रायपुर, छ.ग.
मो. नं. - 7987404050

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-15 (धरसींवा) तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 23.02.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका सुधीर अग्रवाल पिता डॉ. अमर अग्रवाल, निवासी ए-25 भाठागांव चौक राधास्वामी नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम मुरैठी प.ह.नं. 20 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-15 (धरसींवा) स्थित भूमि खसरा नंबर 264/2 रकबा 0.393 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के ज्ञा.क्र. Q/ वाचक/ तह./ वर्ष 2025-26 धरसींवा के आदेश दिनांक 12.02.2026 के परिपालन में दिनांक 09.03.2026 को समय 12:00 बजे पश्चात किय जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/ समय तक पटवारी हल्का नंबर 20 के पटवारी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-15 (धरसींवा)

# जल विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में पानी टैंकर और बोरवेल का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



महोबाबाजार स्थित जोन 8 दफ्तर में जल विभाग के कार्यो की समीक्षा करने विभाग के अध्यक्ष संतोष साहू ने वार्ड पार्षदों और जोन अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में गर्मी में पेयजल परिवहन के लिए टैंकर और बोरवेल की व्यवस्था में आ रही दिक्कतों को वार्ड पार्षदों ने प्रमुखता से उठाया।

महोबाबाजार स्थित जोन 8 कार्यालय में हुई बैठक में वीर सावरकर नगर वार्ड पार्षद संदीप साहू ने कहा, यहां तो सारा काम निगम मुख्यालय से होता है, जोन कमिश्नर के पास 5 हजार रुपए तक के छोटे से काम कराने का वित्तीय पावर भी नही है। हर बात के लिए हमें निगम मुख्यालय का मुंह ताकना पड़ता है। वार्ड में किसी पार्षद को बोरवेल के लिए बिजली मीटर लगवाना हो, तो इसके लिए छोटी सी रकम की मंजूरी कराने हेडआफिस के चक्कर काटना पड़ता है। जोन कमिश्नर के हाथ में छोटे-छोटे जनहित से जुड़े कार्य कराने का वित्तीय पावर ही नहीं दिया गया है। यह बड़े दुर्भाग्य की बात है, इसका खामियाजा सभी पार्षदों को भुगतना पड़ रहा है, पूर्व में ऐसा नहीं था। जब जोन कमिश्नरी के हाथ में जनहित से जुड़े छोटे-छोट कार्य कराने वित्तीय पावर ही नहीं दिया तो जोन दफ्तर का औचित्य ही क्या रह गया।

### शिकायत के बाद उज्ज्वला योजना के तहत हितग्राही को मिला गैस चूल्हा

**रायपुर।** प्रधानमंत्री उज्जवलता योजना के तहत गैस कनेक्शन स्वीकृत होने के बाद भी धर्मनगर पचपेड़ी नाका निवासी टिकेश्वर साहू को गैस एजेंसी द्वारा गैस चूल्हा नहीं देकर उसे बाजार से खरीदने के लिए कहा जा रहा था। टिकेश्वर ने इसकी शिकायत कलेक्टोरेट स्थित जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में की। इस शिकायत पर त्वरित कार्यवाही कराते हुए प्रशासन ने संबंधित विभाग के माध्यम से टिकेश्वर साहू को 24 घंटे के भीतर गैस एजेंसी द्वारा चूल्हा उपलब्ध कराया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# परीक्षा के सीजन में एयर फेयर सामान्य, होली के दौरान बढ़ सकते हैं टिकट के दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूली परीक्षा का सीजन होने की वजह से विभिन्न शहरों का एयर फेयर अभी सामान्य स्थिति में चल रहा है। होली के दौरान आवाजाही बढ़ने से विभिन्न शहरों के टिकट के दाम में बढ़ोतरी हो सकती है। अभी जिन शहरों के लिए फ्लाइट की संख्या कम है, वहां के दाम सामान्य से अधिक हैं। वहीं दिल्ली से आवाजाही करने के लिए इंडिगो एयर लाइन का सफर सस्ता है, मगर एयर इंडिया की फ्लाइट का किराया महंगा है।

ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि परीक्षा के दौरान पारिवारिक यात्रा बेहद कम हो जाती है। इस दौरान हवाई सफर ऑफिशियल अथवा कारोबार के सिलसिले में होता है। यात्रियों की संख्या सामान्य स्थिति में होने के दौरान विमानों का किराया भी अपनी सामान्य स्थिति में रहता है। अभी ऐसा ही दौर चल रहा है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से विभिन्न शहरों के लिए आवाजाही करने वाली फ्लाइट का किराया समान्य जैसी स्थिति में है। दिल्ली-रायपुर के बीच यात्रा करने एयर इंडिया की फ्लाइट के 6 से 13 हजार के बीच के किराए को छोड़ दिया जाए, तो ज्यादा घरेलू उड़ान संचालित करने वाली इंडिगो एयर लाइंस का टिकट चौबीस घंटे पहले 6 से 7 हजार के बीच मिल रहा है। इसके अलावा भोपाल, हैदराबाद, कोलकाता का सफर सात से दस हजार के खर्च में पूरा हो जा रहा है। केवल पुणे, बेंगलुरु, लखनऊ जैसे वो शहर जहां एक दो फ्लाइट का संचालन वहां का किराया आठ से दस हजार के बीच पहुंच रहा है। व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास के मुताबिक होली और नजदीक आने के बाद यात्रियों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। ऐसे में हवाई यात्रा का किराया भी थोड़ा बदल सकता है।

## दिल्ली के लिए इंडिगो में सफर सस्ता, एयर इंडिया में काफी महंगा

### अंबिकापुर से दिल्ली की कनेक्टविटी

इधर अंबिकापुर का एयरपोर्ट आने मार्च के अंतिम दिनों में दिल्ली से कनेक्ट हो जाएगा। बिलासपुर से दिल्ली के बीच उड़ान भरने वाली अलायंस एयर की फ्लाइट का विस्तार अंबिकापुर तक किया जाएगा। जारी शेड्यूल के मुताबिक इसका संचालन सप्ताह में दो दिन किया जाएगा। विमानन कंपनी इस सेक्टर में अपनी एटीआर-72 सीटर का संचालन करेगी।




### लौट सकती है प्रयागराज फ्लाइट

विंटर सीजन के दौरान विमानन कंपनी ने रायपुर से प्रयागराज के बीच संचालित होने वाली सीधी विमान सेवा को बंद कर दिया था। मार्च के अंतिम दिनों में आने वाले समर शेड्यूल के दौरान इसे शामिल किए जाने की संभावना है। रायपुर और प्रयागराज को जोड़ने वाली यह एकमात्र सीधी फ्लाइट को आवाजाही के दौरान काफी संख्या में यात्री मिलते थे।

## खबर संक्षेप

### मृत पिता के नेत्र किए दान दो नेत्रहीन देख सकेंगे दुनिया



रायपुर। कुसरेबाड़ा तात्यापारा निवासी अशोक बालासाहेब कुसरे (83) के निधन उपरांत उनके पुत्र जयवंत, बहू अस्मिता और भाई विश्वास कुसरे ने उनके नेत्र दान कर दिए, ताकि उनकी आंखों से 2 नेत्रहीन बच्चे इस सुंदर दुनिया को देख सकें। सोमवार को दोपहर 2 बजे परिवार में शोक की घटना होते ही सन्नाटा और उदासी पसरी हुई थी। तब किसी परिचित ने सुझाव दिया कि पिता की आंखों से 2 नेत्रहीन बच्चे दुनिया को देख सकेंगे और नेत्रदान के माध्यम से पिता की आंखें भी इसी दुनिया में रहेंगी, कुसरे परिवार नेत्रदान के लिए तैयार हो गया। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय ने इस प्रेरणादायी कार्य के लिए कुसरे परिवार की सराहना करते हुए साधुवाद दिया।दिवंगत कुसरेजी की अंतिम यात्रा 24 फरवरी को सुबह 10 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी।

## निधन

### रीनादेवी दुल्हानी



रायपुर। जयहिंद कॉलोनी कुकरेजा फार्म हाउस के सामने अमलीडीह निवासी रीनादेवी दुल्हानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 फरवरी को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे किशोर दुल्हानी की पत्नी थीं।

### भास्कर सुमंत



रायपुर। स्टेट बैंक कॉलोनी निवासी, सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी भास्कर सुमंत (82) का 23 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 फरवरी को दोपहर 12 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे भावना सुमंत के पति, आदित्य सुमंत और आनंद सुमंत के पिता थे।

### मुक्ता बेन दवे



रायपुर। रविनगर निवासी मुक्ता बेन दवे (92) का 22 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 फरवरी को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे योगेश दवे की माता, यश तथा विवेक की दादी थीं।

### जवाहरलाल बहरवानी



रायपुर। कृष्णा नगर निवासी जवाहरलाल बहरवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 फरवरी को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेंद्र, परमानंद, सोनी बहरवानी के भाई और नरेंद्र बहरवानी के पिता थे।

### रेखा आडिल



रायपुर। सिलियारी के ग्राम पथरी निवासी रेखा आडिल का 23 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 फरवरी को उनके गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अधिवक्ता विनोद आडिल की पत्नी थीं।

### रमेश खूबचंदानी

रायपुर। कोटा निवासी रमेश खूबचंदानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 फरवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे उद्धव दास, जेठानंद खूबचंदानी के भाई और जितेंद्र, दीपक, अमित के पिता थे।

## ट्रिप के आधार पर होगा भुगतान, पानी टैंकर में खर्च होंगे 1.50 करोड़ रुपए

# किराए के पानी टैंकर चलाने निगम ने किया टेंडर, मार्च के पहले सप्ताह में तय होगी दर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के सीजन में शहर के जल संकट प्रभावित इलाकों में लोगों की प्यास बुझाने नगर निगम किराए के टैंकर की व्यवस्था करेगा। इसके लिए जल विभाग ने ऑनलाइन टेंडर जारी कर दिया है। मार्च के पहले सप्ताह में टेंडर खोलकर दर तय की जाएगी। ट्रिप के हिसाब से किराए के टैंकर का भुगतान होगा। इसके साथ ही मांग और आवश्यकता के आधार पर 55 अलग-अलग स्थानों पर बोरवेल का खनन कराया जाएगा।

- 55 स्थानों पर बोरवेल खनन पीएम आवासीय परिसर में जलसंकट सबसे ज्यादा

दरअसल, नगर से महानगर में तब्दील हो रहे रायपुर शहर के रहवासियों को इस बार भी किराए के टैंकर सिस्टम से निजात नहीं मिलने वाली है। शहर के कई इलाकों में पानी के लो प्रेशर और टेल एंड तक पानी नहीं पहुंचने की समस्या के बीच नगर निगम के जल विभाग को हर बार की तरह इस बार भी किराए के पानी टैंकर चलाने की नौबत आई है, इसके लिए निगम मुख्यालय से पानी टैंकर के लिए ऑनलाइन टेंडर कर दिया गया है।

गत वर्ष गर्मी में जल संकट प्रभावित इलाकों में लोगों की प्यास बुझाने किराए के पानी टैंकर पर 1 करोड़ रुपए खर्च हुए, इस बार 1.50 करोड़ रुपए का प्रावधान इस कार्य के लिए किया गया है। यही नहीं, शहर के अलग-अलग 55 स्थानों पर बोरवेल खनन कराया जाएगा। वार्ड पार्षदों ने जल संकट संभावित क्षेत्रों में बोरवेल खनन का प्रस्ताव जल बोर्ड और मुख्यालय के जल विभाग को भेज दिया है।

### 45 पानी टंकियां, प्रतिदिन 270 एमएलडी जल आपूर्ति, फिर भी संकट

नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्ड में रहने वाले 15 लाख रहवासियों को निगम अपने 45 नई व पुरानी पानी टंकियों से रोजाना 270 एमएलडी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। इसके बाद भी शहर में कई इलाके ऐसे हैं जहां पेयजल की किल्लत बनी हुई है। इस कमी को दूर करने जल विभाग के 4 करोड़ रुपए के सालाना बजट में से 50 फीसदी राशि किराये के पानी टैंकर और बोरवेल खनन कार्य में खर्च की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक भनपुरी, खमतराई, मोवा, सड्डू के बंजरपारा, खालबाड़ा क्षेत्र, जीएडी कालोनी, दलदल सिवनी, ब्रम्हदेव नगर, कचना, कांपा, भवानीपारा, लभांडी के संकल्प सोसाइटी फेज 2 स्थित प्रधानमंत्री आवासीय परिसर, फुंडहर, सूरजनगर जोरा के नाला पारा क्षेत्र खम्हारडीह इलाका सहित नगरनिगम द्वारा शहर में अलग-अलग लोकेशन में बनाए गए प्रधानमंत्री बहुंमजिला आवासीय परिसर में इस बार पानी की समस्या सबसे ज्यादा देखी जा रही है। इन जल संकट प्रभावित इलाकों में किराए के पानी टैंकर चलाए जाएंगे।




### फैक्ट

- ट्रिप के आधार पर टैंकर किराया का भुगतान
- एक टैंकर को प्रतिदिन कम के कम दस ट्रिप पानी की करनी होगी आपूर्ति
- मुख्यालय ने दस जोन से जल संकट संभावित इलाकों की वार्डवार मंगाई है सूची
- संभावित इलाके और चिन्हांकित पाइंट का बन रहा ब्योरा

### लभांडी, फुंडहर पानी टंकी से गर्मी में पानी मिलना मुश्किल

जोन 9 क्षेत्र स्थित लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के लभांडी और फुंडहर में अमृत मिशन के तहत बनाई गई पानी टंकी से इस बार गर्मी के मौसम में पानी आपूर्ति मुश्किल होता दिख रहा है। विगत 3 साल से इन दोनों स्थानों की पानी टंकी लोगों के लिए महज शोपीस बनकर रह गई है। इसकी एक बड़ी वजह मेन राइजिंग लाइन से टंकी का इंटर कनेक्शन नहीं हो पाना और रहवासी इलाके में पाइप लाइन बिछाकर टंकी से इंटरकनेक्शन देने का कार्य फंड नहीं होने से अब तक नहीं हो पाया है। हालाकि इन टंकियों को शुरू करने और इंटरकनेक्शन करने शासन स्तर पर हाल ही में आवश्यक राशि स्वीकृत की गई है, पर इजिंग लाइन से टंकी कनेक्ट करने और लोगों के यहां इंटर कनेक्शन देने के अलावा स्कॉडा सिस्टम विकसित करने में समय लगेगा।

### किराए के टैंकर के टेंडर

गर्मी के सीजन को देखते हुए शहर के जल संकट प्रभावित इलाकों में किराए के पानी टैंकर उपलब्ध कराने ऑनलाइन टेंडर किया गया है। मार्च के प्रथम सप्ताह में टेंडर खोलकर दर तय की जाएगी, साथ ही बोरवेल खनन के लिए एजेंसी तय करेंगे।

*- नरसिंग फरेन्द्र, कार्यपालन अभियंता जल नगर निगम रायपुर*

## राजनीति विज्ञान व रसायन शास्त्र में गायब रहे 1985 छात्र, नकल शून्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोमवार को बारहवीं कक्षा की राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र और लेखा शास्त्र की परीक्षा आयोजित की गई। मुख्य विषयों के अलावा फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र, वस्तु चित्रण एवं आलेखन, शारीरिक क्रिया विज्ञान एवं प्राथमिक चिकित्सा विषय के पर्चे भी सोमवार को हुए। शुरुआती पर्चों की तरह इसमें भी कोई नकल प्रकरण नहीं बना। उपरोक्त विषयों का चयन 2 लाख 42 हजार 225 छात्रों ने किया था। परीक्षा दिलाने पहुंचे छात्रों की संख्या 2 लाख 40 हजार 240 रही। 1985 छात्र परीक्षा दिलाने नहीं पहुंचे।

- प्रदेश में 10वीं-12वीं की परीक्षाओं के लिए 2514 केंद्र बनाए गए

गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के बारहवीं बोर्ड की शुरुआत 20 फरवरी से तथा दसवीं बोर्ड की शुरुआत 21 फरवरी से हुई है। प्रदेश में 10वीं-12वीं की परीक्षाओं के लिए 2514 केंद्र बनाए गए हैं।

### नए ब्लूप्रिंट के आधार पर परीक्षाएं

गौरतलब है कि इस बार बोर्ड परीक्षाएं नए ब्लूप्रिंट के आधार पर हो रही है। इसमें वैकल्पिक प्रश्नों की अधिकता है। इसका उद्देश्य छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। राष्ट्रीय मूल्यांकन केन्द्र परख एनसीईआरटी नई दिल्ली के निर्देशानुसार इसे तैयार किया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल सहित जिला प्रशासन द्वारा गठित उड़नदस्ते की टीम भी निरीक्षण के कई स्कूलों में पहुंची। दस्ते को नकलची नहीं मिले, लेकिन जहां अव्यवस्था नजर आई, वहां आवश्यकतानुसाार निर्देश दिए गए। मार्च में परीक्षाएं समाप्त होने के बाद दूसरी परीक्षा जून-जुलाई में संभावित है। हालांकि इसकी तिथियों की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं की गई है।

## रोड रेज विवाद पर चाकूबाजी सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में रविवार को रोड रेज की घटना ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद बाइक सवार युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक के चेहरा, सीना और जांघ में गंभीर जख्म आए हैं। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चाकूबाजी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना अशोक नगर की है। भाठागांव निवासी अमन प्रधान की शिकायत पर पुलिस ने शुभम पटले को गिरफ्तार किया है। अमन ने पुलिस को बताया है कि वह अपने मित्र से मिलने अशोक नगर गया था। दोस्त से मिलकर लौटते समय अशोक नगर इलाके में बाइक सवार शुभम पटले ने अमन को कट मारते हुए अपनी बाइक आगे निकाल ली। अमन ने शुभम को सही तरीके से गाड़ी चलाने की समझाइश दी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शुभम ने गाली-गलौज शुरू कर दी, जिसका अमन ने विरोध किया। देखते ही देखते दोनों के बीच तीखी बहस होने लगी और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इसी दौरान शुभम ने अपने पास रखे चाकू से अमन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में अमन संभल नहीं पाया और वह चाकूबाजी की घटना से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है।

- गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में रविवार रात नौ बजे की घटना

## 17 हजार स्वास्थ्य कर्मचारी करेंगे विधानसभा घेराव

रायपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी एक बार फिर अपनी लंबित मांगों को लेकर लामबंद हो गए हैं। मांगों के निराकरण के लिए वे घेराव एवं आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। एनएचएम कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में ग्रेड पे प्रदान करना, चिकित्सा परिचर्या सुविधा उपलब्ध कराना, अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान, स्थानांतरण नीति लागू करना, नई मानव संसाधन नीति लागू करना तथा नियमित कर्मचारियों की भांति वेतन खाते के माध्यम से बीमा सुविधा प्रदान करना शामिल है। कर्मचारी संघ का कहना है, मांग संबंधित फाइल मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद भी पिछले 5 माह से प्रशासनिक स्तर पर लंबित पड़ी है।

### पेंशन योग्य की जाए पूर्व सेवा

रायपुर। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने पेश किए जाने वाले राजकीय बजट के अंतर्गत संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन के लिए मान्य किये जाने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा, दीर्घकालीन सेवाओं को अप्रासंगिक मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। मोदी की गारंटी के तहत क्रमोन्नति व समयमान के लिए निर्धारित 10 वर्ष की सेवा को एक बार (वन टाइम रिलैक्सेशन) शिथिल करते हुए 5 वर्ष किए जाने की उम्मीद शिक्षक संघ ने जताई है।

## धोबी समाज ने मनाई संत गाडगे की जयंती



रायपुर। धोबी समाज द्वारा बालोद जिले के आमदी पलारी में सोमवार को स्वच्छता के जनक राष्ट्रसंत गाडगेजी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर धोबी समाज के प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर के अध्यक्षता में अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के अनेक दिग्गज नेता शामिल हुए। इसके बाद कलश यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया। इस मौके पर समाज की प्रदेशाध्यक्ष श्री निर्मलकर ने कहा, संत गाडगेजी के जीवन चरित्र से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपने लेख में स्पष्ट लिखा कि वे संविधान का निर्माण संत बाबा गाडगे से प्रेरणा लेकर कर रहे हैं, जबकि संत बाबा गाडगेजी उतने अधिक पढ़े-लिखे नहीं थे, लेकिन शिक्षा की ओर ध्यान देने की नसीहत समाज के लोगों को दी। श्री निर्मलकर ने समाज के मुखिया से आव्हान किया कि अलग-अलग आयोजन करने के बजाय राजधानी में शानदार आयोजन करें और वह आयोजन दो दिवसीय रहे भले आयोजन अगले वर्ष हो, लेकिन समाज की ताकत दिखेगी। राजधानी के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने बताया कि अधिवेशन को विधायक संगीता सिन्हा, लक्ष्मी अशोक साहू, चंद्रहास निर्मलकर आदि ने संबोधित किया।

## लिफ्ट देने के बहाने युवक से चाकू की नोक पर लूट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आजाद चौक थाने की पुलिस ने युवक को लिफ्ट देने के बहाने साथी के साथ मिलकर चाकू की नोक पर लूट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। बदमाश के एक अन्य फरार साथी की पुलिस पतासाजी कर रही है। दुर्ग, जामगांव निवासी पीड़ित को बदमाश ने मंदिर हसौद से भिलाई छोड़ने झांसा देकर अपनी बाइक में लिफ्ट दिया था।

- मंदिर हसौद में युवक को लिफ्ट दिया था

मनीष यदु की शिकायत पर पुलिस ने शेख कबीर को गिरफ्तार किया है। मनीष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि रविवार देर शाम वह दुर्ग जाने गाड़ी का इंतजार कर रहा था। इस दौरान शेख कबीर ने उसके पास आकर उसे भिलाई तक अपनी बाइक में छोड़ने का झांसा दिया। रायपुर पहुंचने के बाद शेख कबीर ने मनीष को शराब पीने का झांसा दिया और शराब दुकान से शराब खरीदी। इसके बाद शेख कबीर अपने ससुराल वालों से मिलने जाने का झांसा देकर ईदगाह भाठा के पास उसे बाइक से उतार दिया। कुछ देर बाद शेख कबीर अपने साथी को लेकर आया और उसे रास्ते में छोड़ने की बात कह कर उसे बीच में बैठाया। इसके बाद दोनों बदमाश उसे सरोना स्थित एक सुनसान गली में ले गए जहां चाकू की नोक पर धमकाते हुए उसके साथ लूट की। पुलिस ने शेख कबीर को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया है।

## बिजनेस साइट

## रायपुर में 'अधीराव्या' कार्यक्रम : समाजसेवा और कल्याण का भव्य उत्सव

रायपुर। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के रीजन-5 द्वारा आयोजित 'अधीराव्या' कार्यक्रम ने विमतारा, शांतिनगर में समाज सेवा और कल्याण का उत्सव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9.30 बजे पुलिस बैंड के स्वागत, रजिस्ट्रेशन, बैनर प्रेजेंटेशन और परेड से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लायंस सदस्य और स्थानीय गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

भव्य आयोजन की अध्यक्षता लायन डीआर वाधवानी ने की, जबकि मुख्य अतिथि पीएमजेएफ लायन तिलोकचंद बरड़िया (पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) रहे, विशिष्ट अतिथि वर्णिका शर्मा, रिपुदमन सिंह पुसरी और मनहर शाह रहे। मुख्य अतिथि तिलोकचंद बरड़िया ने कहा, लायंस क्लब हमेशा से मानवता की सेवा में अग्रणी रहा है। उन्होंने सदस्यों से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का आव्हान किया एवं उन्होंने रीजन-5 के अंतर्गत आने वाले सभी क्लबों की सक्रियता और उनके प्रयासों की सराहना कर सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दोपहर के अवार्ड-सम्मान सत्र में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और लायंस परेड रही। 23 लायंस कपल्स ने रैंप वॉक में भाग लिया, जबकि 75 साल से अधिक उम्र के 22 वरिष्ठ सदस्यों को दीर्घ सेवा के लिए सम्मानित किया गया। विभिन्न क्लबों और सदस्यों को उत्कृष्ट सेवा पुरस्कारों से नवाजा गया।




## पेज 11 के शेष ...

### पानी टंकी का आपरेटर ...

लेकर परेशान होकर भटकते रहे, इस दौरान कई घरों में टंकियां खाली रह गई। इस बात को लेकर स्थानीय रहवासियों में खासी नाराजगी देखी गई। कांग्रेस के शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और निगम के पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीकुमार शंकर मेनन ने निगम पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है, उन्होंने सवाल उठाया कि जल वितरण व्यवस्था के निगरानी की जिम्मेदारी किसकी है, यहां तो इसे देखने वाला भी कोई नहीं है, ऐसे मामलों पर जवाबदेही क्यों तय नहीं की जाती? रामकृष्ण परमहंस वार्ड पार्षद अमन कुमार ठाकुर, जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह , शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड पार्षद रोनिता प्रकाश जगत ने संयुक्त कहा कि कोटा पानी टंकी से जल आपूर्ति नही होने के बारे में किसी तरह की सूचना निगम से नहीं दी गई। इससे उन्हें काफी परेशान होना पड़ा। इस तरह के घटना की दोबारा पुनरावृत्ति न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, गर्मी के समय इस तरह की लापरवाही समझ से परे है।

### डीएमएफ फंड घोटाला, टुटेजा...

से संबंधित विभिन्न कार्यों में अपने परिचित व्यक्तियों एवं फर्मों को कमीशन लेकर कार्य दिलवाने एवं कार्य आवंटन कराने में सक्रिय भूमिका निभाई है। जांच में यह भी सामने आया है कि टूटेजा अपने रिश्तेदारों एवं निकट सबंधियों के माध्यम से विभिन्न फर्मों को कमीशन लेकर डीएमएफ मद के कार्य दिलवाने में मदद करता था। टूटेजा के खिलाफ शासकीय धन के दुरुपयोग, आपराधिक षड्यंत्र तथा भ्रष्ट आचरण से संबंधित संज्ञेय अपराध करने के साक्ष्य पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार किया है।

### यह है डीएमएफ...

को अवैध लाभ पहुंचाया गया। डीएमएफ का कुल घोटाला 90 करोड़ रुपए आंका गया है। आरोप है कि ठेका देने के एवज में 42 प्रतिशत तक कमीशन लेन-देन किया गया है।

### सीएसएमसीएल ओवरटाइम...

असिस्टेंट कमिश्नर नवीन कुमार तोमर को गिरफ्तार कर पूछताछ करने रिमांड हासिल की है। ईओडब्लू ने दोनों आरोपियों को ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी द्वारा जारी बयान के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के अधिकारियों द्वारा दिनांक 29 नवंबर 2023 को तीन व्यक्तियों से नकद 28.80 लाख रुपए जप्त कर आवश्यक कार्यवाही के लिए छत्तीसगढ़ शासन को सूचना प्रेषित की गई थी। इस आधार पर ब्यूरो द्वारा प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया गया था। विवेचना में पाया गया कि सीएसएमसीएल में साजिश कर मैनपावर, प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से ओवरटाइम भत्ता के नाम पर बड़े पैमाने पर भुगतान कराए गए। एजेंसी द्वारा प्रस्तुत बिल में अंकित अधिसमय भत्ते का भुगतान एजेंसी को किया जाता था तथा एजेंसी द्वारा यह राशि आगे संबंधित कर्मचारियों को दी जानी थी।

### कमीशन की राशि अनवर...

तक न पहुंचाते हुए अनधिकृत लाभ, कमीशन के रूप में बांटने जैसी थी, जिससे शासन के राजस्व को प्रत्यक्ष आर्थिक क्षति हुई। विवेचना में यह भी स्थापित हुआ है कि इस प्रकार प्राप्त कमीशन अंततः आरोपी अनवर ढेबर तक पहुंचाया जाता था।

### ओवर टाइम पेमेंट के नाम ...

माध्यम से मैनपावर, प्लेसमेंट एजेंसियों को इस उद्देश्य से भुगतान की जाती थी कि एजेंसियों द्वारा आगे संबंधित कर्मचारियों को वास्तविक भुगतान किया जाए।

## मेहर समाज ने गुरु रविदास की मनाई जयंती



रायपुर। मेहर समाज द्वारा कोटा स्थित सभा भवन में रविवार को संत शिरोमणि विश्व गुरु रविदास की 649 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर मेहर समाज महिला संगठन प्रदेश अध्यक्ष कुलेश्वरी बघेल, नरेश लदेर, जिलाध्यक्ष बसंती लहरी, विष्णु गजेन्द्र, विश्राम गजेन्द्र, शंकर लहरी, भारती मिर्झा, सोनिया तुरकाने, नंदनी मोहित रावत, गीता तुरकाने, सीता गजेन्द्र एवं बड़ी संख्या में सामाजिक नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### राज्यसभा के लिए साहू समाज ने मांगा प्रतिनिधित्व

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने साहू समाज के प्रतिनिधि को राज्यसभा सदस्य बनाने जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से दूरभाष पर चर्चा की गई। इस मौके पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष निरेन्द्र साहू ने स्पष्ट रूप से कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास की धुरी रहने वाला साहू समाज प्रदेश में बहुसंख्यक और सामाजिक रूप से सबसे अग्रणी है, इसके बावजूद आज तक राज्यसभा में समाज के किसी भी व्यक्ति को अवसर नहीं मिलना चिंता का विषय है। समाज अब चाहता है कि उसकी आवाज दिल्ली के गलियारों में भी गूंजे। मुलाकात करने वालों में प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदीप साहू के साथ गोपाल साहू, चूड़ामणि साहू , रोबिन साहू, देवदत्त साहू, प्रवीण साहू, गोपी साहू, लुकेश आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्र कार्य के लिए स्वस्थ मन, बुद्धि, शरीर का होना जरूरी



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में सोमवार को लोकतंत्र सेनानी संघ व लोकतंत्र प्रहरी की संयुक्त बैठक हुई, जिसमें प्रदेश से 120 से अधिक सेनानियों एवं नियुक्त प्रहरी पदाधिकारियों शामिल हुए। बैठक में लोकतंत्र प्रहरी के नवनियुक्त पदाधिकारियों, संभागीय अध्यक्षों व सभी जिला अध्यक्षों को लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान कर दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि राष्ट्र कार्य के लिए स्वस्थ शरीर, मन एवं बुद्धिमान मस्तिष्क का होना आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की आजादी की लड़ाई हो या आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष, इनका नेतृत्व हमेशा इन गुणों से युक्त युवा पीढ़ी ने ही किया।

### कान्यकुब्ज प्रीमियर लीग-2026 का आज से आगाज

**रायपुर।** बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद हायर सेकेंडरी इंग्लिश स्कूल के माध्यम से कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल के तत्वावधान में कान्यकुब्ज युवा मंडल द्वारा प्रदेश स्तरीय 'कान्यकुब्ज प्रीमियर लीग-2026' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 24 से 27 फरवरी तक सुभाष स्टेडियम नल घर चौक में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से टीमें शामिल होंगी, जिसमें आशीर्वाद इलेवन रायपुर, द्रोणाचार्य इलेवन रायपुर, परशुराम इलेवन रायपुर, भारद्वाज बस्तर, चाणक्य चैलेंजर्स, महाकाल लवन, महर्षि विश्वामित्र इलेवन बिलासपुर, महर्षि कणाद राजनांदगांव। इसका भव्य शुभारंभ मैच आज सुबह 10.30 बजे से आशीर्वाद इलेवन वर्सेस महर्षि विश्वामित्र एवं द महाकाल लवन वर्सेस महर्षि कणाद इलेवन राजनांदगांव के बीच होगा।

# पोर्टल में तकनीकी खामी, डॉयवर्सन के लिए ऑनलाइन आवेदन में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जमीन का डॉयवर्सन कराने की प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए शासन ने इसे ऑनलाइन कर दिया है। इस सुविधा के तहत जमीन का डॉयवर्सन कोई भी घर बैठे राजस्व विभाग के पोर्टल से आवेदन कर ऑनलाइन कर सकता है।

खास खबर

आवेदन के साथ जमीन के दस्तावेजों को भी अपलोड करना है। इस नए सिस्टम को लागू हुए दो महीने से अधिक समय बीत चुका है। इसके बाद भी पोर्टल अभी तक सही तरीके से काम नहीं कर रहा है, जिसके कारण पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन तक नहीं हो पा रहे हैं। इस वजह से डायवर्सन की प्रक्रिया भी फिलहाल ठप पड़ी हुई है। इधर राजस्व अधिकारियों का कहना है कि पोर्टल के डायवर्सन साफ्टवेयर में कुछ तकनीकी खराबी है, जिसके कारण आवेदन भी नहीं आ रहे हैं। यह खराबी सुधरते ही ऑनलाइन डायवर्सन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी, जिससे लोगों को तहसील कार्यालय आने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।

### पुराने लंबित आवेदनों का ही निराकरण

*तहसील कार्यालयों में ऑनलाइन सिस्टम लागू होने की तारीख से पहले डायवर्सन के लिए ऑफलाइन किए गए आवेदनों का ही निराकरण किया जा रहा है। हालांकि इनमें भी कई आवेदन ऐसे हैं, जो पिछले कई महीनों से लंबित हैं, जिनका निराकरण किया जाना है।*

### प्रदेश में दिसंबर 2025 से लागू है डॉयवर्सन का ऑनलाइन सिस्टम, ऑफलाइन सुविधा बंद



फाइल फोटो

### पोर्टल में कुछ दिक्कत बताई जा रही

पोर्टल में कुछ दिक्कत बताई जा रही है। अभी तक डायवर्सन के लिए एक भी ऑनलाइन आवेदन नहीं आया है। आवेदन आने पर 15 दिनों के भीतर उसका निराकरण किया जाएगा।

**- नंदकुमार चौबे,**
एसडीएम रायपुर

### लोग लगा रहे तहसील कार्यालय के चक्कर

पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन नहीं होने के कारण पिछले दो माह से डायवर्सन कराने वाले लोग तहसील कार्यालयों के चक्कर भी काट रहे हैं। रायपुर तहसील कार्यालय में हर दिन दो से तीन लोग जमीन के दस्तावेजों के साथ आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन ऑफलाइन आवेदन लेने की प्रक्रिया बंद होने के कारण उन्हें बैरंग लौटया जा रहा है।

### रायपुर जिले में एक भी आवेदन नहीं

*डायवर्सन की प्रक्रिया जब से ऑनलाइन हुआ है, तब से लेकर अभी तक रायपुर जिले में डावर्सन के लिए एक भी आवेदन पोर्टल के माध्यम से नहीं किया गया है। इसकी जानकारी तहसील कार्यालय से मिली है। तहसील कार्यालय के राजस्व अधिकारी एवं डायवर्सन शाखा के प्रभारी ने बताया कि पोर्टल में डायवर्सन के लिए अलग से ऑप्शन दिया हुआ है। इस ऑप्शन के माध्यम से ही आवेदन किया जाना है, लेकिन आवेदन करने के दौरान आवेदन सहित दस्तावेज अपलोड नहीं हो पा रहे हैं। उनका कहना है कि पोर्टल के साफ्टवेयर में कोई तकनीकी खराबी है, जिसके कारण आवेदन एवं दस्तावेज अपलोड नहीं हो पा रहे हैं। आवेदन एवं दस्तावेज अपलोड होने पर ही डायवर्सन की प्रक्रिया पूरी हो पाएगी। उन्होंने बताया कि अभी तक पोर्टल के माध्यम से एक भी आवेदन नहीं आया है।*

## नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने किया स्थल निरीक्षण

# मिनीमाता, शास्त्री चौक, कबीर चौक, भारत माता चौक में अंधेरा, निगम की व्यवस्था बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


राजधानी के विभिन्न चौक में स्थापित महापुरुषों के प्रतिमा स्थल की देखरेख में नगर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। शहर के विभिन्न प्रतिमा स्थल पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने से वहां अंधेरा छाया हुआ है। साफ-सफाई और प्रतिमा की रंगाई, धुलाई की व्यवस्था नहीं हो रही। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने शहरके विभिन्न क्षेत्रों के चौक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि छत्तीसगढ़ महतारी चौक अंधेरे में डूबा हुआ है। चौक के आसपास रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इसी तरह भारत माता चौक जहां पहले जगमग रोशनी के चलते यह स्थल लोगों के आकर्षण का केन्द्र हुआ करता था, वहां अंधेरा छाया हुआ है।

इसी तरह कलेक्टरोट परिसर के महतारी चौक जहां नगर निगम सहित जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों का आना-जाना लगा रहता है, उस चौक की दशा ये है कि रात में लाइट तक नहीं जल रही है। इसी तरह छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद स्वर्गीय मिनी माता के नाम से पंडरी के पुराने बस स्टेंड परिसर स्थित मिनीमाता चौक में कमोबेश यही स्थिति देखने को मिली।

### महापुरुषों के प्रतिमा स्थल की बदहाली पर उठाए सवाल







### 'हम ही संवारेंगे' इस जुमलेबाजी से काम नहीं चलेगा

नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने शहरी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि राजधानी को सुंदर शहर बनाने की परिकल्पना करने से काम नहीं चलेगा। शहर के प्रमुख चौराहों को खूबसूरत बनाने अच्छी रोशनी, स्वच्छता के साथ स्थल की देखरेख की जरूरत है। छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों से आने वाले यहां के खूबसूरती की सराहना करें, तब बात बनेगी। केवल यह कहकर कि हमने बनाया है हम ही संवारेंगे इस जुमलेबाजी से काम नहीं चलेगा।

### सफाई और प्रकाश व्यवस्था की कमी

सिविल लाइन स्थित संत कबीर चौक में रोशनी का अभाव देखा गया। निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कचहरी चौक स्थित शास्त्री चौक का निरीक्षण किया। इस चौक में देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा स्थापित है, वहां सफाई और प्रकाश व्यवस्था की कमी देखने को मिली।

# मेडिकल कालेजों में क्रिटिकल केयर यूनिट खोलने की योजना ठंडे बस्ते में, विशेषज्ञ भी आयुष्मान से दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अभी केवल रायपुर में सुविधा, जिला अस्पताल में खोलने की जरूरत
- गंभीर स्थिति के मरीजों के उपचार में विशेषज्ञ निभाते हैं निर्णायक भूमिका

गंभीर स्थिति वाले मरीजों के उचित उपचार के लिए सभी मेडिकल कालेजों में क्रिटिकल केयर यूनिट खोलने की योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। इतना ही नहीं, इलाज में विशेषज्ञों की भूमिका निभाने वाले क्रिटिकल केयर मेडिसिन विशेषज्ञों को भी आयुष्मान से दूर रखा गया है। आईसीयू के बेहतर प्रबंधन को देखते हुए इसका विस्तार जिला स्तर पर किए जाने की जरूरत है, मगर अभी यह केवल रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में संचालित है।

विभिन्न विभागों में इलाज के दौरान अति गंभीर स्थिति में पहुंचने वाले मरीजों के इलाज की जिम्मेदारी क्रिटिकल केयर यूनिट के मेडिसिन विशेषज्ञ पूरी करते हैं। आईसीयू, ट्रामा, वेंटिलेटर की सुविधा वाले क्रिटिकल केयर यूनिट की आवश्यकता कोरोना महामारी के दौरान सबसे ज्यादा महसूस किया गया था। बाद में यह यूनिट सभी शासकीय मेडिकल कालेज में खोलने की योजना बनाई गई थी। 50-50 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए 23-23 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना थी। योजना कागजों से बाहर नहीं आई और यह सुविधा केवल रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज से संबंधित आंबेडकर अस्पताल में सीमित होकर रह गया।

### सुदृढ़ होगी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली

छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह ने बताया कि क्रिटिकल केयर मेडिसिन तीन वर्षीय सुपर-स्पेशियलिटी प्रशिक्षण है, जो गंभीर रूप से बीमार मरीजों के उन्नत उपचार एवं निगरानी पर केंद्रित होता है। इस विशेषज्ञता में उन्नत वेंटिलेशन प्रबंधन, हेमोडायनामिक मॉनिटरिंग, सेप्सिस प्रबंधन, मल्टी-ऑर्गन डिसफंक्शन उपचार तथा सतत रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी जैसी जीवन-रक्षक तकनीकों में दक्षता प्रदान की जाती है। स्वास्थ्य सहायता योजना में इस विशेषज्ञता को औपचारिक रूप से शामिल किया जाना स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को अधिक सुदृढ़ बनाएगा। इस निर्णय से छोटे शहरों एवं जिला अस्पतालों में उन्नत आईसीयू सेवाओं का विस्तार होगा। इससे राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में भी गंभीर रोगियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो सकेगा और रेफरल बोझ में कमी आएगी।

# स्टील उद्योग को लग सकता है लोड फैक्टर कम होने का झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिजली के नए टैरिफ के साथ ही प्रदेशभर के स्टील उद्योगों को लोड फैक्टर के कम होने का तगड़ा झटका लग सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने 2026-27 के नए टैरिफ के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें लोड फैक्टर को फिर से 25 फीसदी से कम करके 10 फीसदी करने की मांग रखी है। ऐसा होने से स्टील उद्योग को टैरिफ में मिलने वाली छूट कम हो जाएगी। अभी छूट के कारण स्टील उद्योगों को घरेलू से भी कम दरों पर बिजली मिल जाती है। उद्योग को मिल रही सस्ती बिजली का जनसुनवाई में कांग्रेस के साथ ही छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने भी विरोध किया है। ऐसे में आयोग लोड फैक्टर कम कर सकता है।

प्रदेश के स्टील उद्योग को लोड फैक्टर में पिछली सरकार में बड़ी राहत देते हुए उसकी बिजली को बहुत ज्यादा सस्ता कर दिया गया था। ऐसा होने से स्टील उद्योग को घरेलू से भी सस्ती बिजली मिल रही थी। इस सस्ती बिजली के खिलाफ पुराने अफसरों ने मोर्चा खोला था, लेकिन आयोग में जाने के बाद भी आयोग ने इनकी बात नहीं मानी थी। इसके बाद जब प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी तो 2024-25 के टैरिफ के समय स्टील उद्योग का लोड फैक्टर कम करके 25 से 10 फीसदी कर दिया गया।



### लोड फैक्टर से 25 फीसदी सस्ती बिजली

स्टील उद्योग के लिए एक लोड फैक्टर तय है। जिस प्लांट ने जितने किलोवाट का कनेक्शन लिया है, उसमें लोड के उपयोग के अनुसार उसके टैरिफ में प्रतिशत कम किया जाता है। 2021-22 में 63 से 70 प्रतिशत था। यानी 64 प्रतिशत का उपयोग करने वालों को टैरिफ में एक प्रतिशत की छूट मिली, इसी तरह से 70 फीसदी तक उपयोग करने वालों को 8 फीसदी छूट मिली। लेकिन इसके बाद इसको इसको 50 से 75 प्रतिशत करके 25 फीसदी तक छूट का प्रावधान कर दिया गया। एक साल इसको दस फीसदी किया गया लेकिन फिर से चल रहे सत्र में यह छूट 25 फीसदी हो गई है।

### 6.40 रुपए का टैरिफ हो जाता है 5.00 रुपए

*बड़े उद्योगों का जितने मेगावाट का कनेक्शन है, उसका आसानी से ये 70 से 75 फीसदी तक उपयोग कर लेते हैं। 75 फीसदी उपयोग का मतलब यह है कि 6.40 रुपए प्रति यूनिट का टैरिफ सीधे-सीधा 25 फीसदी छूट के कारण 1.60 रुपए कम होकर 5.00 रुपए हो जाना। यही हो रहा है जिसके कारण स्टील उद्योगों को सस्ती कीमत पर बिजली मिल रही है। लेकिन अन्य शुल्क मिलाकर यह बिजली 7.21 रुपए की पड़ती है, ऐसा उद्योग चलाने वाले कहते हैं।*

***लोड फैक्टर से फायदा :*** *नियामक आयोग ने 2025-26 के टैरिफ में एक बार फिर से स्टील उद्योग का लोड फैक्टर बढ़ाकर 10 से 25 कर दिया। ऐसे में इस सत्र के लिए भी लोड फैक्टर के कारण स्टील उद्योग की चांदी हो गई है। हालांकि स्टील उद्योग से जुड़े कारोबारी इस बात को नकारते हैं कि उनको फायदा हो रहा है। इनका कहना है उनको सभी शुल्क मिलाकर बिजली सात रुपए से ज्यादा की पड़ती है। अगर इनकी बात मान ली जाए तो भी इनकी बिजली तो घरेलू बिजली से सस्ती ही हुई, क्योंकि 400 यूनिट से ज्यादा खपत करने पर 6.60 रुपए तो टैरिफ ही है। इसी के साथ एफपीपीएएस और अन्य शुल्क मिलाकर करीब आठ रुपए यूनिट बिजली पड़ती है। अगर खपत 600 यूनिट से ज्यादा होती है तो इसकी कीमत करीब 10 रुपए यूनिट तक हो जाती है। क्योंकि टैरिफ ही 8.30 रुपए है।*

# तालाब के किनारे हिस्से पर कब्जा ढाबा की गंदगी से पानी भी प्रदूषित

## विधानसभा रोड क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड से लगा एक तालाब धीरे-धीरे पटता जा रहा है। इस तालाब का पानी भी पूरी तरह से प्रदूषित हो गया है। इसका बड़ा कारण इस तालाब के सामने सड़क से लगा एक ढाबा है। ढाबा संचालक ने न केवल इस तालाब के किनारे की जमीन को पाटकर यहां भवन तैयार करा लिया है, वहीं ढाबा के रसोई की सारी गंदगी भी तालाब में ही छोड़ी जा रही है, जिसके कारण तालाब का पानी भी प्रदूषित हो गया है।

गौर करने वाली बात यह है कि करीब सालभर पहले इस तालाब को पाटे जाने की कोशिश भी की गई थी, जिसकी शिकायत होने पर नगर निगम जोन-9 के अफसरों ने इसे रुकवाते हुए इस मामले में ढाबा संचालक की जमीन के दस्तावेजों की राजस्व विभाग द्वारा जांच भी कराई थी। इस जांच में कितनी जमीन अवैध पाई गई थी, इसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है।



### आधी रात को मिट्टी डालकर तालाब को पाटने का किया गया था प्रयास

विधानसभा रोड पर प्रींस ढाबा के पीछे शासकीय तालाब है। यह तालाब कई दसक पुराना है। इस तालाब को करीब सालभर पहले पाटने का खेल चल रहा था। अज्ञात लोगों द्वारा आधी रात को जेसीबी मशीन के जरिए मिट्टी से इस तालाब को पाटा जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर सढ्ढू क्षेत्र के रहवासी मौके पर पहुंचकर इसका विडियो भी बनाए थे। इस विडियो के आधार पर ग्रामीणों ने नगर निगम के जोन कमिश्नर से लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। इस शिकायत के बाद नगर निगम ने खानापूर्ति कार्रवाई करते हुए तालाब जाने वाले रास्ता काटा था, ताकि कोई भी बड़ी वाहन यहां प्रवेश नहीं कर पाए, वहीं जिस जमीन पर ढाबा बना हुआ है, उसके जमीन के दस्तावेजों की जांच भी राजस्व विभाग द्वारा कराई गई थी। इस जांच में तालाब से लगी कितने जमीन ढाबा संचालक की है, इसका अब तक खुलासा नहीं हुआ है।

### तालाब का पानी हुआ प्रदूषित

*इधर ढाबा के रसोई की पूरी गंदगी तालाब में ही फेंकी जा रही है। रसोई की निकासी का रास्ता भी तालाब की ओर है, वहीं तालाब का किनारे का बड़ा हिस्से पर भी ढाबा संचालक द्वारा रसोई रूम है। इस रसोई रूम का निर्माण कार्य को देखकर पता चलता है कि इसका निर्माण तालाब के हिस्से को पाटकर बनाया गया है। फिलहाल तालाब को बचाने के लिए अभी तक नगर निगम, राजस्व विभाग और जिला प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं गई है।*




# आपात स्थिति में मददगार है सीपीआर सरकारी कर्मचारियों को दी जा रही ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- प्रोजेक्ट सुरक्षा, पंचायत सचिवों ने सीखा प्राथमिक उपचार

धड़कन बंद होने अथवा हार्ट फेल्यिर जैसी आपात स्थिति होने पर कार्डियोपल्मोनरी रेसिसिटेशन (सीपीआर) बड़ा मददगार हो सकता है। जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शासकीय कर्मचारियों को इसका गुर सिखाया जा रहा है। ट्रेनिंग के इस दौर में सोमवार को पंचायत सचिवों को ट्रेनिंग दी गई। चिकित्सकों के मुताबिक सीपीआर आपात स्थिति में मरीज की जान बचा सकता है। यह आपातकालीन जीवनरक्षक प्रक्रिया दिल का दौरा, डूबने या सांस रूकने जैसी स्थितियों में हृदय और मस्तिष्क को ऑक्सीजन युक्त रक्त पहुंचाने के लिए दी जाती है। पीड़ित को सख्त जमीन पर लिटाकर छाती के केंद्र में 100 या 120 प्रति मिनट की दर 22 इंच तक दबाव बनाया जाता है। इस बारे में आम लोगों को जानकारी देने के लिए जिला प्रशासन और रेड क्रॉस सोसाइटी,मिलकर प्रोजेक्ट सुरक्षा के तहत लोगों को ट्रेनिंग दे रहा है। सोमवार को 34 पंचायत सचिवों को प्राथमिक उपचार किट के उपयोग और सीपीआर तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।






02



आधी रात महामाया के ज्योत कलश ....

## एजुकेशन अलर्ट

### अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू,1 अप्रैल तक होगा रजिस्ट्रेशन

**रायपुर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जॉइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindian-army.nic.in की ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल पर जाकर 01 अप्रैल 2026 तक पंजीयन करा हैं। इस हेतु ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) जुलाई-अगस्त 2026 में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को जनवरी 2027 में आयोजित होने वाली रैली के लिए बुलाया जाएगा। भर्ती कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य को आवंटित अग्निवीर पदों की संख्या सीधे तौर पर पंजीयन की संख्या के अनुपात में निर्धारित की जाती है। विगत तीन वर्षों में देखा जाए तो वर्ष 2023-24 में 14,153 पंजीयन हुए एवं 895 पद आबंटित, वर्ष 2024-25 में 19,355 पंजीयन हुए एवं 731 पद आबंटित, वर्ष 2025-26 में 28,547 युवाओं द्वारा पंजीयन किया गया है। इसके आधार पर अनुमानित 1100 से 1300 तक पद छत्तीसगढ़ के लिए आबंटित होने की संभावना है।




### यूपीएससी सीएपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन

यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (असिस्टेंट कमांडेंट) एग्जामिनेशन 2026 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी गई है। जो भी युवा इस भर्ती की तैयारियों में लगे थे वे इसमें शामिल होने के लिए यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट **upsconline.nic.in** पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन करने की लास्ट डेट 19 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इस भर्ती में आवेदन के लिए उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/ संस्थान से ग्रेजुएशन उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके साथ ही उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 20 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। हालांकि, आरक्षित वर्ग को ऊपरी उम्र में नियमानुसार छूट मिलेगी। उम्र की गणना 1 अगस्त 2026 के अनुसार की जाएगी।

● गर्मी को लेकर बाजार में शुरू हुई एसी और कूलर की बिक्री, नई तकनीक से जुड़ रहे लोग

# गर्मी में ठंडी हवा पाने अब एआई एसी को प्राथमिकता
# इस बार बाजार में स्मार्ट वॉयस असिस्टेंट कूलर भी

गर्मी के मौसम की शुरुआत होते ही शहर में कूलर-एसी की बिक्री बढ़ गई है। इस बार गर्मी सूरज की तपिश से बचने के लिए लोग एआई स्मार्ट कूलर और एसी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इन उपकरणों की खास बात यह है कि ये कमरे का तापमान स्वचालित रूप से नियंत्रित कर सकते हैं, जिससे कमरे में हमेशा आरामदायक स्थिति बनी रहती है। बाजार में इसकी कीमत 23 हजार से 60 हजार तक है। एआई तकनीक से लैस इन उपकरणों में स्मार्ट फीचर्स उपलब्ध हैं, जो ऊर्जा की बचत करते हुए अधिक प्रभावी और किफायती होते हैं।

**रायपुर।** हरिभूमि से बातचीत में इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी ने बताया कि नए एसी में ट्रिपल इन्वर्टर प्लस टेक्नोलॉजी दी गई है, जो तापमान को स्वचालित रूप से एडजस्ट करती है, जबकि कूलर में स्मार्ट ह्यूमिडिटी कंट्रोलर, हनीकॉम्ब पेंडिंग, टर्बो एयर थ्रो और मॉस्किटो कंप्लेंट जैसे फीचर्स शामिल हैं, जो आवश्यकतानुसार ठंडी हवा देता है।



### विंडो कूलर और रूम कूलर की भी डिमांड

बाजार में ब्रांडेड कंपनियों के साथ-साथ लोकल कंपनियों के प्रोडक्ट्स भी उपलब्ध हैं। दुकानदार कैलाश सिन्हा ने बताया कि सभी वर्ग के लोग अपने-अपने बजट के हिसाब से एक से दो टन के बीच एसी खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। इसके अलावा विंडो कूलर और रूम कूलर की भी डिमांड बढ़ गई है। विशेष रूप से राजधानी रायपुर में मार्च से ही गर्मी का असर महसूस होने लगता है, लेकिन इस बार फरवरी से ही गर्मी का अहसास होने लगा है। दुकानदारों के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस बार एसी और कूलर की बिक्री में 10 से 15 प्रतिशत तक का इजाफा हो सकता है। लोगों की बढ़ती गर्मी के प्रति जागरूकता और कूलिंग प्रोडक्ट्स की बढ़ती डिमांड दुकानदारों के लिए अच्छे संकेत हैं।



### एसी के मॉडल्स में एडवांस फीचर्स

आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ अब एसी में एडवांस फीचर्स आ गए हैं। शोरूम संचालक अभिषेक तिवारी ने बताया कि नए एसी मॉडल्स में कई तरह के स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं। अब इन एसी में न केवल तापमान को कंट्रोल किया जा सकता है, बल्कि स्मार्ट वॉयस असिस्टेंट के जरिए भी इन्हें ऑपरेट किया जा सकता है। नए एसी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे फीचर्स की सुविधा भी दी गई है। इससे एसी स्मार्टफोन से जुड़कर कार्य कर सकते हैं और तापमान, मोड तथा अन्य सेटिंग्स को रिमोटली कंट्रोल किया जा सकता है। इसके अलावा इन एसी में एनर्जी-सेविंग मोड भी है, जिससे बिजली की खपत कम होती है और उपभोक्ताओं को बिल में राहत मिलती है। अब अपनी आवश्यकता के हिसाब से एसी को स्मार्ट तरीके से कंट्रोल कर सकते हैं। नई टेक्नोलॉजी के साथ एसी न केवल पर्यावरण के अनुकूल हो रहे हैं, बल्कि इन्हें चलाने में भी कम लागत आ रही है।



### फाइबर कूलर की बढ़ी डिमांड

फाइबर कूलर की डिमांड इस समय बाजार में तेजी से बढ़ रही है। फाइबर कूलर की कीमत 12 इंच के कूलर के लिए ढाई हजार रुपए से लेकर साढ़े पांच हजार रुपए तक है, जबकि ब्रांडेड कंपनियों के कूलर की कीमत साढ़े सात हजार से लेकर लगभग 20 हजार रुपए तक है। दुकानदार अमरीक सिंह ने बताया कि पिछले चार सालों में कूलर की डिमांड काफी कम हो गई थी, लेकिन 2024 में इस क्षेत्र में उछाल आया है और इस साल कूलर की बिक्री में 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होने का अनुमान है।




## सिटी इवेंट

### राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता डेटा एनॉलिटिक्स पर विशेषज्ञों ने दिया जोर



**रायपुर।** एनआईटी में इंटेलिजेंट डिजिटल फॉरेंसिक्स फॉर एविडेंस डिस्कवरी एंड एनॉलिसिस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह पांच दिवसीय कार्यशाला 23 से 27 फरवरी तक संस्थान के कंप्यूटर साइंस एंड इंजिनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित है। सोमवार को कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. चंदन मजूमदार सेवानिवृत्त जादवपुर यूनिवर्सिटी, डॉ. गौरव गुप्ता, निदेशक एवं वैज्ञानिक साइबर सुरक्षा अनुसंधान एवं विकास इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं डॉ. मीनाक्षी महाजन निदेशक फॉरेंसिक सेवाएं हिमाचल प्रदेश रहे। इस दौरान अतिथि वक्ताओं ने तेजी से विकसित हो रहे साइबर खतरों के परिप्रेक्ष्य में इंटेलिजेंट डिजिटल फॉरेंसिक की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने उन्नत अनुसंधान, विशेष प्रशिक्षण तथा दक्ष पेशेवरों के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया, जो प्रभावी साक्ष्य खोज, फॉरेंसिक विश्लेषण और साइबर अपराध जांच में सक्षम हों। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा एनॉलिटिक्स और आधुनिक फॉरेंसिक उपकरणों के समन्वय से सटीक, विश्वसनीय एवं विधिक रूप से स्वीकार्य डिजिटल साक्ष्य तैयार करने के महत्व को भी रेखांकित किया गया, जो राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा प्राथमिकताओं के अनुरूप है।

> एनआईटी में इंटेलिजेंट डिजिटल फॉरेंसिक्स फॉर एविडेंस डिस्कवरी एंड एनॉलिसिस पर कार्यशाला

#### डिजिटल फॉरेंसिक और साइबर सुरक्षा पर मंथन

इस कार्यशाला में शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया है। विशेषज्ञ व्याख्यान, प्रायोगिक सत्र एवं संवादात्मक चर्चाओं के माध्यम से यह कार्यक्रम डिजिटल फॉरेंसिक और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय क्षमता सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आकांक्षा सराफ ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए आयोजन में सहयोग देने वाले सभी शोधार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला के आयोजन दल में डॉ. प्रदीप सिंह अध्यक्ष, डॉ. नितेश के. भारद्वाज कार्यक्रम समन्वयक एवं डॉ. आकांक्षा शराफ कार्यक्रम समन्वयक शामिल हैं। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. समीर बाजपेयी, निदेशक प्रभारी, एनआईटी रायपुर के संरक्षण में किया गया, जिन्होंने मुख्य संरक्षक की भूमिका निभाई। साथ ही डॉ. नरेंद्र डी. लोंढे, कुलसचिव, एनआईटी रायपुर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

### वार्षिकोत्सव : शास्त्रीय नृत्य ने बटोरी तालियां समसामयिक विषयों की प्रस्तुति ने बांधा समां

**रायपुर।** 'श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय' का वार्षिकोत्सव' स्थानीय रंग मंदिर प्रेक्षागृह में अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामयी समारोह में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति, शास्त्रीय नृत्य और समसामयिक विषयों पर आधारित शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा रंग मंदिर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समारोह के दौरान विधायक ने शिक्षा, खेलकूद और अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



#### हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहीं बेटियां

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि जब एक बेटी शिक्षित और हुनरमंद होती है तो वह केवल एक परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज की संस्कृति को जीवित रखती है। बेटियां आज हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर आप अपने सपनों को हकीकत में बदल सकती हैं। कार्यक्रम में अध्यक्षता शासी निकाय के अध्यक्ष अजय तिवारी ने की। इस दौरान प्रबंध समिति के सचिव नरेशचंद्र गुप्ता और प्राचार्य डॉ. संगीता घई उपस्थित रहे।

### सब्जियों से बनाया हर्बल गुलाल, त्वचा की प्राकृतिक रूप से देखभाल का महत्व बताया

**रायपुर।** प्रकृति की ओर सोसाइटी द्वारा सैनिक कल्याण भवन में प्राकृतिक जागरूकता एवं हर्बल उपयोग विषय पर एक प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. नारायण साहू, अधिष्ठाता, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय ने पालक, लाल भाजी जैसी प्राकृतिक सब्जियों के पोषण महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये न केवल स्वास्थ्यवर्धक हैं, बल्कि प्राकृतिक रंग व उपयोगी उत्पादों के निर्माण में भी सहायक हैं। उन्होंने टेसू के फूल एवं कत्था जैसे प्राकृतिक तत्वों के सुरक्षित एवं पर्यावरण हितैषी उपयोग की जानकारी सरल भाषा में प्रदान की।विशिष्ट वक्ता डॉ. रूना शर्मा, सौंदर्य विशेषज्ञ एवं त्वचा रोग परामर्शदाता ने हर्बल पद्धतियों के लाभों पर अपनी बात रखी और त्वचा की प्राकृतिक रूप से देखभाल करने के उपाय बताए। उन्होंने रासायनिक उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति सावधान रहने तथा प्राकृतिक विकल्प अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी ने की तथा कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अनिल चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. विजय जैन, संजय शर्मा, शिल्पी नागपुरे एवं लक्ष्मी यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।



## कार्नर न्यूज

समर फैशन आउटफिट के लिए ऑफिस और कॉलेज दोनों जगह कैरी कर रहीं गर्ल्स

# सिल्वर ज्वेलरी फैशन में लाइटवेट डिजाइनर पायल-ईयरिंग्स का क्रेज



**रायपुर।** समर फैशन आउटफिट के साथ लाइटवेट डिजाइनर सिल्वर ज्वेलरी का गर्ल्स में क्रेज बढ़ा है। शहर की ज्वेलरी डिजाइनर निहारिका शर्मा बताती हैं कि अगर रोजाना पहनने के लिए हल्की और सिंपल डिजाइन ढूंढ रही हैं तो मिनिमल चेन पायल बेस्ट ऑप्शन है। पतली-सी सिल्वर चेन वाली ये पायल ऑफिस और कॉलेज दोनों जगह कैरी की जा सकती है। इसकी डिजाइन इतनी हल्की होती है कि इसे पहनने में कोई दिक्कत नहीं होगी और पूरे दिन आरामदायक महसूस होगा। मोर और हाथी डिजाइन की पायल ब्राइड्स के लिए बेस्ट हैं। इस तरह की पायल मार्केट में छाने लगी है। जब किसी लड़की की शादी हो रही हो, तब वह खासतौर से ऐसे पायल ही खरीदती है। हैवी घुंघरू वाली पायल उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प है, जो अपने लुक में कुछ खास और लग्जीरियस जोड़ना चाहती हैं। वैसे तो घुंघरू वाली पायल बहुत ही पुराना ट्रेंड है, मगर इसमें बहुत अच्छी वैरायटी मार्केट में मिल जाएगी। पतली-सी सिल्वर चेन वाली पायल अपने मिनिमम और हल्के वजन वाली डिजाइन के कारण ऑफिस और कॉलेज दोनों जगह पहनने के लिए एक बेहतरीन विकल्प है, जो एलिगेंट और स्टाइलिश लुक देती है। ये पायल रोजाना पहनने के लिए आरामदायक होती है और वेस्टर्न या एथनिक दोनों तरह के आउटफिट्स के साथ आसानी से पहनी जा सकती है।



#### इन आउटफिट के साथ देगा कैजुअल लुक

सिल्वर एंकलेट्स के लेटेस्ट डिजाइन, जैसे सिंगल लेयर चेन आजकल काफी ट्रेंड में है। वर्सेटाइल स्टाइल यह सिंपल एंकलेट ऑफिस के फॉर्मल कपड़ों के साथ-साथ कॉलेज के कैजुअल स्टाइल के साथ भी बहुत अच्छी लगती है। इन्हें जींस, कुर्ती, या क्रॉप पैंट के साथ पहना जा सकता है।

#### स्टड ईयरिंग्स का बढ़ा ट्रेंड

फैशन की दुनिया में आजकल लड़कियों के बीच सिल्वर स्टड ईयरिंग्स का ट्रेंड काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। हर आउटफिट के साथ पहनने के बाद खूबसूरती काफी ज्यादा बढ़ जाती है। स्टड ईयरिंग्स की लेटेस्ट डिजाइन में बटरफ्लाई, हार्ट शेप, फ्लॉवर शेप काफी पसंद की जा रही है। इस तरह की डिजाइंस लाइटवेट होती है, अगर सिंपल रहना पसंद है तो ये डिजाइंस परफेक्ट रहेंगी।

## समाज लाइव

# घर-घर विराजेंगे भगवान झूलेलाल उत्सव मनाने की तैयारी में सिंधुजन



**रायपुर।** सिंधु एकता संघ और सिंधी समाज द्वारा लगातार 14वें वर्ष भी भगवान झूलेलाल उत्सव मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए सोमवार को संघ की एक बैठक की गई। संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, झूलेलाल उत्सव के संयोजक महेश मोटवानी और चंद्र कुमार माखीजा ने बताया कि साईं लालदास की प्रेरणा, संत युधिष्ठिर लाल और अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में लगातार झूलेलाल उत्सव मनाया जा रहा है। चेट्रीचंड्र महोत्सव के 5 दिन पूर्व 16 मार्च को सिंधी समाज द्वारा घरों में भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापित की जाएगी। पांच दिन विधिवत पूजा-अर्चना के बाद चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन 21 मार्च को विसर्जन किया जाएगा। इस वर्ष 20 मार्च को चेट्रीचंड्र मनाया जाएगा। जिस तरह देशभर में गणेश उत्सव मनाया जाता है, उसी तर्ज पर सिंधु एकता संघ की अगवाई में अब झूलेलाल उत्सव मनाया जा रहा है।

### शहर के इन स्थानों पर मूर्ति के लिए पंजीयन

सिंधु एकता संघ द्वारा रायपुर और आसपास के शहरों में मूर्तियां निशुल्क वितरित की जा रही हैं। छत्तीसगढ़ में लगभग 10000 मूर्तियां निशुल्क वितरित की जाती हैं। इसके लिए पंजीयन स्थल तय किए गए हैं। जहां पर समाज के लोग अपने लिए मूर्ति का पंजीयन करा सकते हैं। इस बार पंजीयन स्थल लाखेनगर में भारत चंदवानी, सुनील रामवानी और पंडरी, देवेंद्र नगर में चंदू माखीजा, तेलीबांधा में ज्ञानू उदासी, नर्मदापारा में संतोष डोडानी, संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब में अप्पू वाडिया, रिक्की जुडानी और प्रदीप सिंहानी के पास पंजीयन करा सकते हैं। श्रीनगर में विनोद शीतलानी, फाफाडीह में नरेश भोजवानी, कटोरा तालाब में विजय लहरवानी और दीनदयाल उपाध्याय नगर में सुधीर रामानी के पास पंजीयन करा सकते हैं।

## धर्म लाइव

# ब्राह्मण सभा ने डॉक्टरों और पत्रकारों को किया सम्मानित



**रायपुर।** सरयूपारीण ब्राह्मण सभा द्वारा तुलसी मानस भवन में जहां बटुकों का उपनयन संस्कार कराया गया। वहीं अंतिम कड़ी में दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद महाराज, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, सरयूपारीण ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला के मार्गदर्शन में इस आयोजन में शामिल होने के लिए प्रदेशभर से आए ब्राह्मणों की सुविधा के लिए मानस भवन में चिकित्सा शिविर भी लगाया गया था। इस दौरान जरूरतमंदों को निशुल्क दवाएं वितरण की गईं। डॉ. शुक्ला ने बताया कि आयोजन के अंतिम दिन रायपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहन तिवारी, उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, उप सचिव निवेदिता साहू सहित समाज के 30 से भी अधिक वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया।

### सामाजिक समरसता बढ़ाने की पहल

इसके अलावा अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ. आयुष दुबे, डॉ. भुवन शर्मा, डॉ. अश्लेषा शुक्ला सहित 6 स्पेशलिस्ट डाक्टरों का भी सम्मान किया गया। डॉ. शुक्ला ने बताया कि इस आयोजन में सरयूपारीण ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों का भी योगदान सराहनीय रहा, जिनके प्रयास से प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र से आए 59 बटुकों का 21 व 22 फरवरी को जनेऊ संस्कार कराया गया । इस तरह के आयोजन को सामाजिक समरसता बढ़ाने और लोगों का समय बचाने के लिए किया गया, जो आगे भी जारी रखा जाएगा।

## सिटी लाइव

# संवाद कार्यक्रम में महिला चैंबर ने बजट के लिए रखीं मांगें



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में सोमवार को चैंबर भवन में महिला चैंबर कीपदाधिकारियों और महिला पत्रकारों के बीच प्री-बजट सत्र संवाद का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिला चैंबर की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता ने आगामी बजट 2026-27 के लिए महिला उद्यमियों के हितों से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगें प्रस्तुत कीं। महिला उद्यमिता नीति के तहत ऋण सीमा को 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख और सेवा क्षेत्र के लिए 50 लाख करने का सुझाव दिया गया। साथ ही महतारी शक्ति ऋण योजना की सीमा 25 हजार से बढ़ाकर 1 लाख करने की मांग की गई। इसके अलावा नए महिला उद्योगों के लिए बिजली शुल्क माफी की अवधि 10-12 वर्ष करने जोर दिया गया। महिलाओं ने बाजार व बुनियादी ढांचा, डिजिटल व सुरक्षा को लेकर बात रखी। इस अवसर पर महिला चैंबर प्रभारी तिलोकचंद बरड़िया, महामंत्री मनीषा तारवानी, कोषाध्यक्ष नम्रता अग्रवाल सहित मंजूषा पटले, मधुबाला सिंह, आभा मिश्रा, रितु जैन और बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी व चैंबर के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

---

राजधानी के पंडितों और आचार्यों का मत पूर्ण चंद्र ग्रहण प्रभावी होने से लोकाचार्य निभाने का सनातन में प्रावधान

# आधी रात महामाया के ज्योति कलश की अग्नि से जलेगी होलिका, ग्रहण का सूतक प्रभावी होने से 4 को रंगोत्सव

'इस साल होली में होलाष्टक का प्रभाव सिर, धड़ भाग में नहीं बल्कि पूंछ में होने से मांगलिक आयोजनों के लिए मिलने वाले मुहूर्त में वैवाहिक आयोजन किए जा सकेंगे। क्योंकि होलाष्टक के प्रभाव को लेकर तय विधान और सीमा में छत्तीगढ़ क्षेत्र ही शामिल नही है। लेकिन छत्तीसगढ़ में होलिका दहन के लिए 2 मार्च की आधी रात यानी 1.26 मिनट से 2.38 मिनट ही समय मिल रहा है। तीन मार्च को सुबह 9.07 मिनट से पूर्ण चंद्र ग्रहण का सूतक लगेगा। शाम 6.07 मिनट से 6.47 बजे तक पूर्ण ग्रहण काल प्रभावी रहेगा। इसके चलते ग्रहण दोष खत्म होने के बाद सभी मंदिरों में शुद्धिकरण के बाद पूजा, आरती का विधान किया जाएगा। इन तर्कों के साथ पंडितों और आचार्यों ने 4 मार्च को रंगोत्सव मनाने की बात कही।'



### मंदिर परिसर में होली चलने के बाद ले जाते हैं अग्नि

मां महामाया मंदिर के पुजारी श्री शुक्ला ने बताया कि प्राचीन परंपरा रही है, कि आदि शक्ति के मंदिर परिसर में उनके गर्भगृह में वर्षों से प्रकाशमान ज्योति कलश की अग्नि से मंदिर परिसर में सजाई गई होलिका का दहन, विधि-विधान से किया जाता है। इसमें आसपास के लोग ही नहीं बल्कि क्षेत्र के लाखेनगर, पुरानीबस्ती और इससे जुड़ी अलग-अलग बस्तियों में 25 से ज्यादा स्थानों पर होलिका दहन हर साल यही की अग्नि से की जाती है। इसके चलते विभिन्न क्षेत्र के लोग भी महामाया परिसर में निभाई जाने वाली होलिका दहन में भाग लेते हैं। इस साल यह परंपरा दो मार्च की आधी रात निभाई जाएगी। इस बार होलिका दहन के लिए समय भी बहुत कम मिल रहा है।



**रायपुर।** शहर के लोगों में हर तीज-त्योहार को दो दिन मनाने की बनने वाली स्थिति को लेकर कई तरह से संशय की स्थिति है। इसे देखते हुए हरिभूमि ने आगामी होली से पहले आशंकाओं को लेकर राजधानी के विद्वान पंडितों और आचार्यों से बात की। इसको लेकर मां महामाया मंदिर के पुजारी एवं भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि होली से पहले लगने वाला होलाष्टक तिथिगत कालखंडों और सीमाओं के आधार पर ऋषिकेश और वाराणसी से तय किया जाता है। वहां से जारी इस वर्ष के पंचाग की गणना में पंजाब, राजस्थान, रावी. पिपासा, हीरावती जैसी नदियों के क्षेत्र में होलाष्टक प्रभावी रहेगा। जबकि छत्तीसगढ़ गणना के लिए तय सीमा के पूंछ भाग में होने से इस साल होलाष्टक में मिलने वाले शुभ मुहूर्त में लोग वैवाहिक आयोजन होंगे। उन्होंने बताया कि होलिका दहन इस साल हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा तिथि और मुहूर्त के तहत 2 मार्च को रात 1.26 से 2.38 बजे तक किया जा सकेगा।

### लोकाचार्य निभाने की परंपरा के चलते चार को होली

श्रीनरहरेश्वर मंदिर के पुजारी पं. देवचरन शर्मा और पं. प्रदीप शुक्ला ने बताया कि इस साल लगने वाला पहला पूर्ण चंद्रग्रहण एशिया ही नहीं, बल्कि आस्ट्रेलिया में भी प्रभावी रहेगा। इसकी कुल ग्रहण अवधि 3 घंटे 27 मिनट की होगी। लेकिन छत्तीसगढ़ में पूर्ण चंद्र ग्रहण काल शाम 06.07 से 06. 47 मिनट तक यानी 40 मिनट स्पर्श अंश में होगा। इसका सूतक प्रभाव तीन मार्च को सुबह 9.07 से शुरू होगा। गृहस्थ सनातन धर्मी इसे लोकाचार्य के रूप में मानते हैं। इससे दोष काल में उत्सव मनाने की परंपरा नहीं निभाई जाती है। इस वजह से आगामी चार मार्च को रंगोत्सव मनाने का प्रावधान ऋषिकेश और वाराणसी से प्रकाशित सर्वमान्य पंचागों में किया गया है।

### दोषकाल में उत्सव मनाने का प्रावधान नहीं

वेदाचार्य पं. भोला तिवारी ने बताया कि किसी भी प्रकार के ग्रहण या दोष काल या सूतक प्रभाव के बीच उत्सव मनाने का प्रावधान नहीं है। इसलिए लोगों को दोष काल में रंगोत्सव मनाने से बचने की सलाह देते हैं। इस बार होलिका दहन की तिथि और चंद्रग्रहण के दोष काल और सूतक प्रभाव की अवधि तीन मार्च है। इसके चलते लोगों को रंगोत्सव चार मार्च को मनाना शुभकारी होगी। दोष की अवधि में उत्सव मनाने से इसका प्रभाव अलग-अलग राशि स्वामी पर पड़ता है।

---

# भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की क्रांतिकारी धाराएं का विमोचन

**रायपुर।** श्लोक ध्वनि फाउंडेशन एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. लोकेश शरण की नवीन कृति "भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की क्रांतिकारी धाराएं" का गरिमामय माहौल में सोमवार की शाम वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में विमोचन किया गया। इसका शुभारंभ सामूहिक रूप से "वंदेमातरम" गीत गाकर किया गया, जिसने पूरे वातावरण को राष्ट्रभाव से ओत-प्रोत किया। अपनी कृति को लेकर डॉ. लोकेश शरण ने कहा कि बचपन में क्रांतिकारियों की कहानियों से गहरा नाता था। शिक्षकों से मिली प्रेरणा ने इस दिशा में उन्हें आगे बढ़ाया। उन्होंने बताया कि क्रांतिकारियों के इतिहास को सही ढंग से पेश नहीं किया गया है। पत्रकार के रूप में लेखन ने उनके शोध को धार दी और पुत्र ने इस पुस्तक लेखन के लिए प्रेरित किया। डॉ. वंश गोपाल ने कहा कि उन्होंने शोधार्थियों से अधिक ललक लोकेश शरण में देखी है। कई स्थानों पर शोध करना मुश्किल कार्य है। उन्होंने पुस्तक के कवर पृष्ठ और नाम को ही रोमांचित करने वाला बताया।



### पुस्तक ने नया दृष्टिकोण और आयाम दिया

शशांक शर्मा ने कहा कि लेखक ने विषय विशेषज्ञता से आगे बढ़कर नया दृष्टिकोण और आयाम दिया है। क्रांतिकारी इतिहास को पूरा और सत्य रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया, जबकि यह पुस्तक तथ्यों के आधार पर सच्चाई सामने रखती है। उन्होंने विशेष रूप से चौरा-चौरी कांड की पांच पृष्ठों में की गई व्याख्या को उल्लेखनीय बताया। डॉ. एडीएन वाजपेयी ने कहा कि ऐसी पुस्तकों से लेखक भारत के महत्वपूर्ण इतिहासकार के रूप में प्रतिष्ठित होंगे। यह कृति स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े कई स्थापित अनुमानों को चुनौती देती है। इसे इतिहास की भिन्न धाराओं को जोड़ने वाली तथा रोचक शैली में लिखी गई पुस्तक बताया।

### क्षणिक कार्य भी युगों तक प्रभाव छोड़ता है

मुख्य अतिथि डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम देश को जोड़ने वाली शक्ति और उसके सत्य एवं प्रमाणिक इतिहास से राष्ट्रीय अस्मिता का संचार होता है। क्रांतिकारियों के आंदोलन की विशेषता हमारी मिट्टी में निहित है, जहां अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों ने अपने स्तर पर स्वतंत्रता संग्राम को आगे बढ़ाया। "वंदेमातरम" को उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बताते हुए कहा कि साधक द्वारा किया गया क्षणिक कार्य भी युगों तक प्रभाव छोड़ता है। हमें क्रांतिकारियों के बलिदान को अपने जीवन का अंग बनाना चाहिए। समारोह का संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉ. विश्वेश ठाकरे ने किया।

# सुसज्जित रथ पर निकली संत गाडगे की आकर्षक झांकी, पुष्पवर्षा से किया स्वागात

**रायपुर।** धोबी समाज ने महान समाज सुधारक एवं स्वच्छता के प्रेरणास्त्रोत संत गाडगे महाराज की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर सोमवार को भव्य बाइक रैली निकाली। रैली में समाज के युवाओं, वरिष्ठजनों एवं महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। यह बाइक रैली राजा तालाब से पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम तक निकाली गई। बाइक रैली राजा तालाब स्थित संत गाडगे चौक से प्रारंभ होकर शास्त्री चौक, मोतीबाग, नगर निगम मुख्यालय बुढ़ापारा, पुरानी बस्ती थाना, कंकालीपारा, तत्यापारा, आजाद चौक आश्रम होते हुए ऑडिटोरियम पहुंची। पूरे मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा रैली का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। रैली के दौरान आकर्षक झांकी भी निकाली गई, जिसमें संत गाडगेजी का स्वरूप धारण कर उन्हें सुसज्जित रथ में विराजमान किया गया। यह झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही और संत गाडगेजी के संदेश स्वच्छता, समानता और सामाजिक सुधार को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संत गाडगेजी के जीवन संघर्ष, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उनके आंदोलन तथा स्वच्छता अभियान में उनके योगदान को स्मरण किया। उपस्थित जनसमूह ने उनके बताए मार्ग पर चलने एवं समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।



### संत गाडगे बाबा ने दिया स्वच्छता ही सच्ची पूजा का संदेश : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राष्ट्रसंत शिरोमणि गाडगे बाबा की 150वीं जयंती पर आयोजित निर्मल दिवस कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम सभी ऐसे महान संत का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने अपने जीवन और कर्मों से समाज को स्वच्छता, सेवा और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। संत गाडगे बाबा ने स्वच्छता ही सच्ची पूजा का जो संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में विधायक सुनील सोनी, विधायक मोतीलाल साहू तथा पद्मश्री पं. रामलाल बरेठ, तुलसी कौशिक, घनश्याम चौधरी, रजनी रजक, विनय निर्मलकर सहित छत्तीसगढ़ रजक समाज के पदाधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।



### रैली में इनकी रही भागीदारी

रैली का समापन पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सभा के साथ हुआ, जहां समाज के पदाधिकारियों ने संत गाडगेजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान बंशी कन्नौजे, सुनील चौधरी, विनय निर्मलकर, घनश्याम चौधरी, नरेंद्र निर्मलकर, नरेंद्र चौधरी, हिमांशु कन्नौजे, रिशु निर्मलकर, नागेंद्र कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

---

चौक-चौराहों पर नगाड़ों की सजी दुकानें, मुखौटे, विग, भोंपू, पिचकारी आदि खिलौनों से बाजार गुलजार

कार्नर न्यूज

# फागोत्सव में रंग जमाने मिट्टी के नगाड़ों का क्रेज बरकरार पुरानी परंपरा को पीढ़ियों से जिंदा रख रहे कुंभकार परिवार

**रायपुर।** होली की तैयारी में राजधानीवासी जुट गए हैं। होली पर्व में रंग-गुलाल के अलावा नगाड़े का विशेष महत्व होता है। नगाड़े की धुन पर परंपरागत फाग गीतों के साथ होली का खुमार बढ़ता है। लोग फाग गाते हुए होली का आनंद लेते हैं। नगाड़े के साथ उत्सव में चार चांद लगता है। यही वजह है कि बाजार में नगाड़े की दुकानें सजने लगी हैं। इस परंपरा को मिट्टी के पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े कुंभकार परिवार जिंदा रखे हुए हैं। पुरानी बस्ती, कालीबाड़ी चौक, रेलवे स्टेशन रोड, फाफाडीह चौक, भाठागांव, महादेवघाट सहित शहर के रोड किनारे नगाड़ा बेचने वाले व्यापारी दुकान सजा लिए हैं। पुरानी बस्ती और कालीबाड़ी चौक पर वर्षों से नगाड़े की दुकान लगाने के लिए महादेवघाट से व्यापारी पहुंचे हैं। नगाड़ा व्यापारी राजू कुंभकार ने बताया कि होली पर्व के लिए नगाड़े की दुकान लगाई है। 8 दिन पहले ही नगाड़ों की खरीदी-बिक्री शुरू हो चुकी है। वैसे तो नगाड़े की बिक्री पिछले 20 दिनों से हो रही है। हमारे पास मिट्टी के नगाड़े बच्चों, बड़ों के लिए अलग-अलग आकार और कीमत में उपलब्ध हैं। इस साल छोटे आकार के नगाड़ों की जोड़ी की कीमत 200 रुपए है। वहीं बड़े और मध्यम आकार के नगाड़ों की कीमत 400 से लेकर 2500 रुपए तक है। इस होली नगाड़े की बिक्री से अच्छी कमाई की उम्मीद है।





### दो महीने पहले से नगाड़ा तैयार करने जुटते हैं परिवार

पुरानी बस्ती रोड में नगाड़ा बेच रहे कुंभकार परदेशी राम चक्रधारी ने बताया कि नगाड़ा मशीन से नहीं, बल्कि अपने हाथों से बड़ी मेहनत से बनाते हैं। इसे बनाने के लिए दो महीने पहले से ही पूरा परिवार तैयारी में जुटा रहता है और नगाड़ा बनाने के लिए जो मटेरियल इस्तेमाल करते हैं, वे भी महंगे दाम में मिलते हैं। इस वजह से उन्हें नगाड़ा बनाना महंगा पड़ता है। इस बार दाम में 5 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। समय के साथ नगाड़े की शहर व ग्रामीण अंचल में मांग बनी हुई है।

### युवा और बच्चों में अब भी डिमांड बरकरार

होली से 8 से 15 दिन पहले युवा समितियां और छोटे बच्चों की मंडली चौक-चौराहों पर नगाड़े के साथ फाग धुन बजाकर पर्व के आगाज का एहसास कराती है। होली पर्व पर नगाड़े बजाने की परंपरा कायम है। युवा और बच्चों में इसका क्रेज बरकरार है।

### लकड़ियां व कंडे एकत्र करने जुटे लोग

इधर होलिका दहन पर्व 2 मार्च को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर अंचल में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पर्व के चलते लोग शहर के चौक-चौराहों पर होलिका दहन के लिए लकड़ियां व कंडे एकत्र करने जुटे हुए हैं, ताकि होलिका दहन पर्व का आनंद उठा सकें।

### ड्रम, भोंपू, मुखौटे, विंग बच्चों को कर रहे आकर्षित

गोलबाजार चौक स्थित होली सामान के स्टॉल संचालक शुभम गुप्ता ने बताया कि होली बाजार में बच्चों के लिए लेटेस्ट ट्रेंड में प्लास्टिक के ड्रम, भोंपू, मुखौटे, विंग, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और डोरेमोन, स्पाइडर मैन और आयरन मैन जैसे कार्टून किरदारों वाली पिचकारियों से बाजार सजा हुआ है। पिचकारियां 50 रुपए से 500 रुपए तक कीमत पर मिल रही हैं। वहीं 100 से 200 रुपए तक के मुखौटे, भोंपू, विग और आर्टिफिशियल ज्वेलरी सेट उपलब्ध हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### किवनूर के 210 से रायपुर की स्थिति मजबूत, भिलाई 305 रनों से पीछे




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टूर्नामेंट में रविवार को रायपुर और भिलाई के मध्य मैच कांकेर में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 179 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 509 रन बनाए। रायपुर की ओर से किवनूर सिंह छाबड़ा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 210 रन बनाए। किवनूर की इस पारी से रायपुर को अच्छी बढ़त मिली। 210 रनों के सहयोग से टीम मजबूत स्थिति में पहुंची। इसके अलावा अनुराग साहू ने भी 71 रन का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त अनुज तिवारी ने 56 रन व ऋशि शर्मा ने 54 रन बनाए। वहीं भिलाई की ओर से हर्ष शर्मा तथा और ध्रुव ने 2-2 विकेट हासिल किए। तीसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई ने अपनी पहली पारी में 81 ओवरों में 6 विकेट खोकर 204 रन बनाए। भिलाई की ओर से संजीत देसाई ने नाबाद 61 रन व हर्ष शर्मा ने 33 रन बनाए। वहीं रायपुर की ओर से गगनदीप सिंह ने 3 विकेट तथा आयुष ठाकुर ने 2 विकेट प्राप्त किए। तीसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई 305 रनों से पीछे है।

### टेबल टेनिस में ऋषभ और शिवम की जोड़ी विजेता



**रायपुर।** टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल में जिले के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारियों व प्रोफेशनल्स सीए, डॉक्टर, वकील, पत्रकार, प्रशिक्षक आदि के लिए आयोजित पं. विद्याचरण शुक्ल स्मृति द्वितीय रायपुर जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न हुई। सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि युगल वर्ग में (लक्ष्मी एग्रोटेक) एवं शिवम सिंह (एस एकेडमी) की जोड़ी विजेता बनी। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि गरियाबंद जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष प्रदीप वर्मा रहे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सहसचिव विमल नायर ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तकनीकी समिति के चेयरमैन अरविंद कुमार शर्मा व आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजीत बेनर्जी ने किया। युगल वर्ग में विजेता ऋषभ नागवानी (लक्ष्मी एग्रोटेक) व शिवम सिंह (सुभाष स्टेडियम सेंटर), उपविजेता- निखिल बानी (बानी डेकोर) एवं निशांत कानूगा (पुखराज कानूगा ज्वेलर्स) रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक राष्ट्रीय अंपायर पुलकित यदु थे। इस अवसर पर जीएल अग्रवाल, गिरिराज बागड़ी, डा. शिरीष यदु, पीएन मजूमदार, सुश्री दिव्या आमदे, सुश्री शिवानी पांडे, प्रदीप दासगुप्ता, डा. अविनाश इंग्ले, जेएम राठोड़ एवं अन्य सदस्य, खिलाड़ी उपस्थित थे।

### स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में 74 साल की कमला बनीं स्ट्रांग वूमेन



**रायपुर।** चंदूलाल साहू की स्मृति में 7वीं छग पॉवर लिफ्टिंग व स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन पुरानी बस्ती में किया गया। छग पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में छग पुलिस की माधुरी सोनवानी स्ट्रांग वूमेन एवं पॉवर लिफ्टिंग में अंजना सिंह, मनेंद्रगढ़ की 74 साल की कमला देवी मंगतानी मास्टर वर्ग में स्ट्रांग वूमेन बनीं, जबकि पुरुष वर्ग में दल्ली राजहरा के सागर यादव ने स्ट्रांगमैन पर कब्जा जमाया। सब जूनियर वर्ग में आशीष यादव रायपुर को स्ट्रांगमैन का खिताब दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि ब्राह्मण पारा वार्ड के अजय साहू एवं प्रोटीन विला के डायरेक्टर दुर्गेश साहू ने सभी विजयी खिलाड़ियों क्रमशः प्रथम 4000, द्वितीय 3000, तृतीय 2500 रुपए नकद राशि एवं मेडल से सम्मानित किया। सभी स्ट्रांगमैन, वूमेन को प्रोटीन विला के तरफ से आकर्षक कप के साथ 1500 रुपए नकद ईनाम भी दिया गया। कुल टोटल 2 लाख रुपए कैश बांटे गए। छत्तीसगढ़ में पहली बार इतनी राशि पॉवर लिफ्टर्स को मिली। प्रतियोगिता में सभी प्रथम विजयी खिलाड़ी 1 से 4 अप्रैल तक आयोजित नेशनल पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप आगरा में भाग लेंगे। विजयी और चयनित खिलाड़ी में आशीष निषाद, देवेंद्र चौरका, नरेंद्र निषाद, यश सोनी, वेदांत साहू, हिमांशु सागर, सत्यजीत पृष्टि, रोहन तिवारी, जयनारायण अग्रवाल, योगेंद्र साहू शामिल हैं।

#### बिना ब्रांड और बिना लेबल वाले उत्पादों में मिलावट का रिस्क सबसे ज्यादा

# होली : चमकदार रंगों की चमक सेहत पर न पड़े भारी, मिलावटी रंगों से बचने के आसान तरीके

होली का त्योहार करीब आते ही बाजार रंगों से सज जाते हैं, लेकिन हर चमकदार दिखने वाला रंग आपकी सेहत के लिए सुरक्षित नहीं होता। मुनाफाखोरी के चलते कई जगहों पर सिंथेटिक और केमिकल बेस्ड रंग, अबीर और गुलाल बेचे जा रहे हैं, जो त्वचा और आंखों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स ने लोगों को सावधान रहने और सुरक्षित रंगों के इस्तेमाल की सलाह दी है।



### मिलावटी रंगों में होते हैं खतरनाक केमिकल

रंगों को सस्ता और आकर्षक बनाने के लिए उनमें इंडस्ट्रियल डाई, सिंथेटिक पिगमेंट और सस्ते फिलर्स मिलाए जाते हैं। वॉल्यूम बढ़ाने के लिए टैल्क, चॉक पाउडर या स्टार्च का इस्तेमाल किया जाता है। ये पदार्थ स्किन पर रगड़ के दौरान जलन और खुजली पैदा कर सकते हैं। लोकल स्तर पर तैयार होने वाले रंगों में क्वालिटी कंट्रोल न के बराबर होता है, जिससे रिस्क और बढ़ जाता है।

### चमकदार रंग बनाने वाले केमिकल्स से ऐसे बचें

रंगों को गहरा और टिकाऊ बनाने के लिए लेड ऑक्साइड, क्रोमियम कम्पाउंड्स, कॉपर सल्फेट और मरकरी बेस्ड पिगमेंट जैसे खतरनाक केमिकल मिलाए जाते हैं। ये केमिकल्स स्किन इरिटेशन, बर्निंग सेंसेशन और एलर्जिक रिएक्शन का कारण बनते हैं। आंखों में जाने पर रेडनेस, वाटरिंग और इन्फेक्शन का खतरा रहता है। विशेषज्ञों के मुताबिक बहुत ज्यादा चमकदार या असामान्य रूप से तेज रंगों से दूरी बनाना ही बेहतर है।

### अबीर-गुलाल में भी हो सकती है मिलावट

आमतौर पर अबीर और गुलाल को सुरक्षित माना जाता है, लेकिन इनमें भी मिलावट आम है। सस्ता गुलाल तैयार करने में सिंथेटिक डाई, कृत्रिम सुगंध और पाउडर फिलर्स का यूज किया जाता है। नेचुरल दिखाने के लिए हल्के पाउडर में केमिकल रंग मिलाकर बाजार में उतार दिया जाता है। ये गुलाल पसीने या पानी के संपर्क में आते ही जलन पैदा कर सकता है।

### होली के बाद अस्पतालों में बढ़ जाते हैं मरीज

डॉक्टर्स के मुताबिक होली के बाद ओपीडी में स्किन एलर्जी, आंखों में जलन और इन्फेक्शन के केस तेजी से बढ़ जाते हैं। बच्चों और सेंसिटिव स्किन वालों में रिएक्शन ज्यादा देखने को मिलता है। कई मरीजों में कॉन्टैक्ट डर्मेटाइटिस और कंजक्टिवाइटिस जैसी समस्याएं सामने आती हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अबीर-गुलाल में मिलावट से चेहरे को नुकसान पहुंच सकता है, इसलिए रंगों का इस्तेमाल सोच-समझकर करना चाहिए।

### ऐसे करें सुरक्षित रंगों की पहचान और बचाव

फूड सेफ्टीअफसरों और केमिकल एक्सपर्ट्स के अनुसार सुरक्षित रंग चुनने में कुछ आसान सावधानियां मददगार हो सकती हैं:

बहुत ज्यादा चमकदार, तेज गंध वाले या असामान्य रूप से सस्ते रंगों से बचें। ब्रांडेड और लेबल वाले उत्पाद ही खरीदें। ड्राई रंगों की जगह हर्बल या नेचुरल बेस्ड रंग चुनें। रंग खेलने से पहले स्किन पर मॉइस्चराइजर या ऑयल लगाएं। आंखों की सुरक्षा का खास ध्यान रखें। खेलने के बाद तुरंत साफ पानी से धोएं। समस्या होने पर डॉक्टर से संपर्क करें।



## नवजात शिशु को पेट के बल लिटाने से मिलते हैं कई फायदे, टमी टाइम एक बेहद प्रक्रिया जरूरी

शिशु के जन्म के बाद माता-पिता उसकी हर छोटी बात का ख्याल रखते हैं। बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए 'टमी टाइम' एक बेहद जरूरी प्रक्रिया है। इसका अर्थ है कि जब बच्चा हिलने-डुलने लगे तथा वो जाग रहा हो, तो उसे कुछ देर के लिए पेट के बल लिटाया जाए। एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह सरल अभ्यास बच्चे की गर्दन, कंधे और रीढ़ की हड्डियों को मजबूती देता है। समय पर टमी टाइम शुरू करने से बच्चा जल्दी पलटना, बैठना और रेंगना सीखता है।

### गर्दन और कंधों की मांसपेशियों में आती है मजबूती

जब शिशु पेट के बल लेटता है, तो वह सिर उठाने की कोशिश करता है। अपने हाथों के सहारे ऊपर उठने का प्रयास उसकी मांसपेशियों को सक्रिय करता है। शुरुआत में बच्चा केवल कुछ सेकंड के लिए सिर उठा पाता है। नियमित अभ्यास से उसकी पीठ और कंधों की ताकत धीरे-धीरे बढ़ जाती है। यह विकास बच्चे को भविष्य में शारीरिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।



### सिर को चपटा होने से बचाने में है मददगार

अक्सर बच्चे लंबे समय तक पीठ के बल लेटे रहते हैं। इससे उनके सिर का पिछला हिस्सा चपटा होने का डर रहता है। टमी टाइम इस दबाव को कम करता है और सिर के प्राकृतिक आकार को बनाए रखता है। इसके अलावा, पेट के बल रहने से बच्चे की मोटर स्किल्स बेहतर होती हैं। वह खिलौनों की ओर बढ़ने और आसपास की चीजों को देखने के लिए प्रेरित होता है।

### पाचन क्रिया में सुधार और गैस से राहत

छोटे बच्चों में गैस और कब्ज की समस्या काफी आम होती है। टमी टाइम के दौरान पेट पर हल्का दबाव पड़ता है। यह दबाव प्राकृतिक रूप से गैस निकालने में मदद करता है। इससे शिशु को पेट की परेशानी में काफी राहत मिलती है। साथ ही, पेट के बल लेटने से बच्चे का दुनिया को देखने का नजरिया बदलता है, जिससे उसकी मानसिक सजगता बढ़ती है।

### टमी टाइम के दौरान बरतें ये जरूरी सावधानियां

शिशु को टमी टाइम करवाते समय हमेशा अपनी निगरानी में रखें। उसे कभी भी अकेला न छोड़ें। शुरुआत दिन में 2-3 बार, केवल 3-5 मिनट से करें। जब बच्चा खुश और पूरी तरह जाग रहा हो, तभी उसे पेट के बल लिटाएं। याद रखें, सोते समय बच्चे को हमेशा पीठ के बल ही सुलाना चाहिए। अगर बच्चा रोने लगे, तो उसके सीने के नीचे नरम तौलिया रखकर उसे आरामदायक महसूस कराएं।

## बदलते मौसम में बच्चों को जुखाम-बुखार से सुरक्षित रखने के लिए अपनाएं घरेलू तरीके

बदलते मौसम के दौरान बच्चों को जुखाम-बुखार होने का खतरा ज्यादा होता है। इस समय तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण हवा में मौजूद कीटाणु तेजी से पनपने लगते हैं। ये कीटाणु बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर उन्हें खांसी-जुकाम, बुखार और सांस की समस्याओं का शिकार बना सकते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने वाले हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने बच्चों को जुखाम-बुखार से सुरक्षित रख सकते हैं और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं।



**खान-पान पर दें ध्यान :** बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए उन्हें पौष्टिक डाइट दें। इसके लिए उन्हें हरी सब्जियां, ताजे फल, दाल, साबुत अनाज, सूखे मेवे और दूध का सेवन कराएं। इसके अलावा उन्हें समय-समय पर पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाना भी न भूलें। इससे उनके शरीर के जहरीले तत्व बाहर निकल जाएंगे और उनका शरीर हाइड्रेट बना रहेगा। इसके अलावा उन्हें बाहर का खाना खिलाने से परहेज करें, जो बीमारियों का घर होता है।

**खाने से पहले हाथ धोना है जरूरी :** बच्चों को जुखाम-बुखार से सुरक्षित रखने के लिए उन्हें नियमित रूप से हाथ धोने की आदत डालें। इसके लिए उन्हें खाना खाने से पहले और बाद में, बाथरूम का उपयोग करने के बाद और किसी भी चीज को छूने के बाद साबुन और पानी से हाथ धोने के लिए कहें। उन्हें बाहर खेलते समय या किसी भी अन्य काम के बाद हाथों को साफ करने के लिए बोलें। इससे उनके हाथों पर कीटाणु नहीं जमेंगे और वे स्वस्थ रहेंगे।

**हाइड्रेटेड भरपूर पानी व जूस-छाछ पिलाएं :** बच्चों को हाइड्रेटेड रखना भी जुखाम-बुखार से सुरक्षित रखने का एक अहम तरीका है। इसके लिए बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। इसके साथ ही नारियल पानी, ताजे फलों का रस और छाछ जैसे तरल पदार्थों का सेवन कराएं। यह न केवल उनकी प्यास बुझाएगा, बल्कि उनके शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी मदद करेगा। हाइड्रेशन से बच्चों की त्वचा भी स्वस्थ रहती है और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

## केसर बढ़ा देता है किसी भी चीज का स्वाद, होते हैं एंटी-ऑक्सीडेंट

केसर को सबसे महंगा मसाला माना जाता है। यह न केवल खाने में स्वाद बढ़ाने के लिए उपयोग होता है, बल्कि कई पेय में भी मिलाया जाता है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट और सूजन कम करने वाले गुणों से भरपूर होता है और कई औषधीय फायदे देता है। आइए आज हम आपको ऐसे केसर युक्त पेय की रेसिपी बताते हैं, जो सर्दियों के दौरान गर्माहट देने में काफी मदद कर सकते हैं और गर्मियों में ताजगी प्रदान कर सकते हैं।



**केसर वाला दूध :** केसर वाला दूध एक पारंपरिक और पौष्टिक पेय है, जो सर्दियों में खास तौर से पिया जाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले दूध को उबालें, फिर उसमें थोड़ी-सी केसर डालें और अच्छे से मिलाएं। अब इसमें स्वादानुसार चीनी या शहद मिलाएं और इसे धीमी आंच पर कुछ मिनट तक पकने दें। इस पेय को हल्दी और इलायची के साथ भी बनाया जा सकता है, जिनके जरिए इसका स्वाद और पोषण बढ़ जाता है।

**केसर की चाय :** केसर की चाय एक खास और सेहतमंद पेय है, जिसका स्वाद चखते ही मन तृप्त हो जाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले पानी को उबालें, फिर उसमें केसर की पत्तियां डालें और कुछ मिनट तक पकने दें। अब इसमें चायपत्ती डालें और अच्छी तरह से उबाल आने दें। इसके बाद छानकर इसमें चीनी या शहद मिलाएं। आप चाहें तो इस चाय में दूध भी शामिल कर सकते हैं और अदरक भी मिला सकते हैं।

**केसर का लस्सी :** केसर का लस्सी एक ताजगी भरा पेय है, जो पेट को ठंडा रखता है और सर्दियों में भी पीने में लाजवाब लगता है। इसे बनाने के लिए दही को फेंट लें, फिर उसमें थोड़ी-सी केसर की पत्तियां डालें और मथनी से मिलाएं। अब इसमें चीनी या शहद डालकर कुछ देर और फेंट लें। आप चाहें तो इसमें बर्फ भी डाल सकते हैं, जिससे इसका स्वाद और भी बढ़ जाएगा। जब झाग आने लग जाए तो इस पेय को परोसें।

**केसर का शरबत :** केसर का शरबत एक ताजगी भरा पेय है, जो गर्मियों में ठंडक देने के साथ-साथ सर्दियों में आराम भी देता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले पानी को उबालें, फिर उसमें चीनी या शहद मिलाएं।

# दिखने लगते हैं थायरॉयड के ये लक्षण, नजरअंदाज करना पड़ सकता है भारी

शरीर कई बार आंतरिक गड़बड़ियों के संकेत खुद देने लगता है, बस जरूरत होती है उन्हें पहचानने की। थायरॉयड की समस्या भी धीरे-धीरे बढ़ती है और पूरे शरीर पर असर डालती है। गले में स्थित यह तितली के आकार की ग्रंथि शरीर के मेटाबॉलिज्म को कंट्रोल करती है। जब यह ठीक से काम नहीं करती, तो कुछ खास लक्षण दिखने लगते हैं। आइए जानते हैं उन संकेतों के बारे में जो थायरॉयड बढ़ने की ओर इशारा करते हैं।

### सामान्य मौसम में भी ज्यादा ठंड लगना

एस्प्रेसोकी हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, अगर मौसम सामान्य है लेकिन आपको दूसरों की तुलना में ज्यादा ठंड महसूस हो रही है, तो यह मेटाबॉलिज्म के धीमा पड़ने का संकेत है। थायरॉयड हार्मोन कम होने पर शरीर कम ऊर्जा बनाता है, जिससे ठंड ज्यादा लगती है।

### ध्यान लगाने में दिक्कत और भूलने की समस्या

बार-बार भूलना,फोकस न कर पाना या दिमाग सुस्त महसूस होना भी थायरॉयड की गड़बड़ी का लक्षण हो सकता है। हार्मोन असंतुलन सीधे दिमागी काम करने की क्षमता को प्रभावित करता है।



### महिलाओं में पीरियड्स से जुड़ी समस्याएं

महिलाओं में पीरियड्स का ज्यादा आना, अनियमित होना या सामान्य से भारी ब्लीडिंग होना थायरॉयड असंतुलन से जुड़ा हो सकता है। हार्मोनल गड़बड़ी का सीधा असर पीरियड्स साइकिल पर पड़ता है।

### बिना वजह वजन बढ़ना

अगर खान-पान और जीवनशैलीमें कोई खास बदलाव नहीं है, फिर भी वजन तेजी से बढ़ रहा है, तो यह धीमे मेटाबॉलिज्म की ओर इशारा है। थायरॉयड हार्मोन कम होने पर शरीर कैलोरी को धीरे-धीरे जलाता है।

### त्वचा का रूखा और बेजान होना


त्वचाका ड्राई और बेजान हो जाना, बालों का खुरदुरा और रूखा होना भी थायरॉयड असंतुलन के लक्षण हो सकते हैं।

### इन लोगों को थायरॉयड का खतरा ज्यादा?

क्लीवलैंड क्लिनिक केअनुसार, थायरॉयड का खतरा कुछ लोगों में ज्यादा होता है। महिलाओं में यह समस्या पुरुषों की तुलना में कई गुना अधिक देखी जाती है। अगर परिवार में पहले से किसी को यह समस्या रही हो, 60 वर्ष से अधिक उम्र हो, टर्नर सिंड्रोम हो या सिर-गर्दन पर रेडिएशन थेरेपी ले चुके हों तो जोखिम बढ़ जाता है।

डॉक्टर के पास कब जाएं?

अगर ये लक्षण कई हफ्तों से बने हुए हैं या धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं, तो तुरंत टीएसएच, टी3, टी4 की जांच करवाएं। समय रहते इलाज शुरू हो जाए तो थायरॉयड को आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। इलाज में देरी से यह हार्ट, वजन, मानसिक स्वास्थ्य और प्रजनन क्षमता को भी प्रभावित कर सकता है। शरीर के इन संकेतों को हल्के में न लें।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


# बाफ्टा के मंच पर प्रिंस विलियम ने की डेम डोना लैंगली की तारीफ



बाफ्टा अवॉर्ड्स 2026 में प्रिंस विलियम ने अपनी पत्नी केट मिडलटन के साथ शिरकत की। इस दौरान प्रिंस विलियम का भावुक भाषण चर्चा का विषय बना हुआ है। रविवार रात लंदन में हुए बाफ्टा फिल्म पुरस्कार की रेड कार्पेट पर कई दिग्गज फिल्मी हस्तियों ने शिरकत की। लेकिन इन फिल्मी हस्तियों से इतर रॉयल परिवार से प्रिंस विलियम और राजकुमारी केट मिडलटन भी बाफ्टा के रेड कार्पेट पर नजर आए। इस दौरान प्रिंस विलियम स्टेज पर अवॉर्ड प्रेजेंट करने भी पहुंचे। जहां उन्होंने मंच से स्पीच भी दी। बाफ्टा की रेड कार्पेट पर प्रिंस विलियम बरगंडी रंग की मखमली जैकेट में नजर आए। इसके साथ उन्होंने एक क्लासिक काली टाई पहनी थी। जबकि केट मिडलटन ने फर्श तक लंबी गुलाबी गुच्ची ड्रेस पहनी थी। दोनों ने साथ-साथ रेड कार्पेट पर वॉक किया। हालांकि, कपल ने रेड कार्पेट के दौरान मीडिया से बात करने से परहेज किया और सीधे रॉयल फेस्टिवल हॉल में प्रवेश किया। प्रिंस विलियम साल 2010 से बाफ्टा के अध्यक्ष हैं। प्रिंस विलियम ने बाफ्टा के मंच पर आकर डेम डोना लैंगली को बाफ्टा फेलोशिप का अवॉर्ड भी दिया। इस दौरान प्रिंस विलियम ने एक इमोशनल स्पीच भी दिया। अपने बारे में बात करते हुए प्रिंस ने कहा कि मुझे काफी शांत रहने की जरूरत है और मैं इस समय शांत नहीं हूं। मैं इसे बाद में बताऊंगा।

### टॉलीवुड

# 'टॉक्सिक' में करमाडी के किरदार में नजर आएंगे सुदेव



फिल्म 'टॉक्सिक' के टीजर में यश के ट्रांसफॉर्मेशन की चर्चा जोरो पर है। फिल्म में दोहरी भूमिका निभा रहे यश का 'टिकिट' के किरदार का एक बीटीएस वीडियो सामने आया है, जो फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। निर्माताओं ने 'टॉक्सिक' से करमाडी के किरदार में सुदेव नायर का लुक जारी किया है। पहले यश को राया के रूप में दाढ़ी के साथ दिखाया गया था, जो काफी ध्यान खींच रहा था। अब एक वायरल बिहाइंड-द-सीन वीडियो में यश को स्टाइलिस्ट के साथ मेकओवर लेते हुए देखा जा सकता है। इसमें वे घनी दाढ़ी से हटकर पूरी तरह क्लीन-शेव लुक में नजर आ रहे हैं। यश का यह लुक फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पोस्टर और टीजर से लगता है कि यश फिल्म में दो अलग-अलग भूमिकाएं निभा सकते हैं। यह क्लीन-शेव लुक खास इसलिए है क्योंकि लगभग 10 साल बाद (2016 की फिल्म 'संथु स्ट्रेट फॉरवर्ड' के बाद) यश इस तरह दिख रहे हैं। KGF सीरीज के बाद उनका दाढ़ी वाला दमदार लुक बहुत पॉपुलर हो गया था, इसलिए यह बदलाव फिल्म की कहानी में बड़ा ट्विस्ट दिखा सकता है। निर्देशक गीतु मोहनदास की इस एक्शन फिल्म में अब सुदेव नायर का पहला लुक भी सामने आ गया है। निर्माताओं ने सोमवार को उनका पोस्टर जारी किया। सुदेव फिल्म में करमाडी नाम का किरदार निभा रहे हैं। पोस्टर में वे बहुत पावरफुल और डरावने अंदाज में दिख रहे हैं। हाथ में बंदूक लिए, मूंछें रखे हुए, चश्मा और बेरेट टोपी के साथ रेट्रो स्टाइल में सुदेव का स्टाइल अनोखा है। उनके पीछे पुरानी कार और धमाकों से धुआं उठता हुआ नजर आ रहा है।

### भोजपुरी

# पत्नी से कभी नहीं हो सका प्यार, गिल्ट होता है : निरहुआ



भोजपुरी के जाने-माने एक्टर-सिंगर निरहुआ उर्फ दिनेश लाल यादव अपने काम के कारण ज्यादा सुर्खियों में रहते हैं। मगर इस बार वह अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से खबरों में छाए हुए हैं। उन्होंने एक पॉडकास्ट में अपनी शादी, बच्चों और माता-पिता के बारे में बात की है। उन्होंने ने खुलासा किया कि उनकी जबरन शादी करवाई गई थी। वह करना नहीं चाहते थे। भोजपुरी स्टार ने बताया, 'मैं बोला कि ये मेरे साथ नहीं हो पाया। मैंने जीवन में प्रेम नहीं किया और इस बात को मैं उनसे कहा क्योंकि बच्चों से आप झूठ बोलकर क्या करेंगे? मैंने उनकी मां से भी कहा कि आपसे प्रेम नहीं हो पाया मुझे। कभी नहीं हो पाया। हां वो फर्ज है कि मां-बाप ने किया है, तो वो फर्ज निभाना है। तो मैं निभा रहा हूं। मुझे गिल्ट होता है और इसीलिए मैं अपने बच्चों के साथ वो नहीं करूंगा। मैं अपने बच्चों के साथ ये नहीं करूंगा कि मैं उनको कहूं कि नहीं तुमको यही करना है। ऐसे करना है या अपनी किसी इच्छा की वजह से।' निरहुआ के पिता का नाम कुमार यादव और मां का नाम चंद्रज्योति यादव है। उनके भाई का नाम प्रवेश लाल यादव और बहन का नाम ललिता यादव है। उन्होंने 2000 में मनसा यादव से शादी की थी और दो बेटे आदित्य और अमित यादव के पिता बने थे। साथ ही बेटी अदिति भी हुई थी। उनका नाम अक्सर आम्रपाली दुबे के साथ जुड़ता रहता है। जबकि वह दोनों असल में अच्छे दोस्त हैं। निरहुआ के बड़े बेटे चेन्नई में डायरेक्शन का कोर्स कर रहे हैं और छोटे बेटे विस्लिन वुड्स में एक्टिंग का कोर्स कर रहे हैं। अब एक्टर ने 'डिजिटल कमेंट्री' के पॉडकास्ट में अपने दोनों बेटों के बारे में बात की। कहा, 'मैंने उन दोनों से पूछा पहले कि आप किस फील्ड में जाना चाहते हैं क्योंकि मैं थोपूंगा नहीं। आपको क्या चाहिए, आप वो बताओ। तो उन्होंने कहा कि हमको डायरेक्शन करना है बड़े बेटे ने। तो वो डायरेक्शन में चले गए। और छोटे बेटे ने कहा कि मुझे एक्टर बनना है।

## लाइफ स्टाइल

## दीपिका के ऑल ब्लैक लुक ने जीता दिल

दीपिका पादुकोण बॉडीकॉन गाउन में नजर आ रही हैं। उसने अपने ऑल-ब्लैक लुक से फैंस को दीवाना बना दिया है। दीपिका ने डायमंड का नेकलेस और ईयरिंग्ल कैरी किए हैं, जो उनकी पर्सनेलिटी को और दिलकश बना रहे हैं। दीपिका ने मशहूर डिजाइनर गौरव गुप्ता का डिजाइन किया हुआ आउटफिट पहना है। दीपिका ने इस लुक में जो हीरे का हार और ईयरिंग्स पहने हैं, वे काफी खूबसूरत हैं और उन्हें यूनिक लुक दे रहे हैं। उनके फैंस को दीपिका की ज्वेलरी भी खूब पसंद आ रही है।



# शादी के लिए दुल्हन चुनें ऐसी खूबसूरत हेयर स्टाइल, मिलेगा बेहद शाही लुक, सब करेंगे तारीफ

शादी का दिन हर महिला के लिए खास होता है और इस दिन हर महिला चाहती है कि वह सबसे खूबसूरत दिखे। इसके लिए सिर्फ कपड़े और मेकअप ही नहीं, बल्कि बालों का स्टाइल भी अहम भूमिका निभाता है। सही हेयर स्टाइल आपके लुक को और भी खास बना सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे हेयर स्टाइल्स के विकल्प बताएंगे, जो आपको शादी के दिन आपको बेहद आकर्षक दिखा सकते हैं।

**फूलों से सजा जूड़ा :** फूलों से सजा जूड़ा हमेशा से ही भारतीय दुल्हनों के बीच लोकप्रिय रहा है। यह न केवल पारंपरिक लगता है, बल्कि बहुत सुंदर भी दिखता है। आप अपने बालों में गुलाब, मोगरा या चमेली के फूल लगा सकती हैं। इनसे आपका लुक और भी खास हो जाएगा। पहले बाल समेत कर पीछे एक टाइट जूड़ा बना लें, फिर आगे से अपनी मन चाही हेयर स्टाइल कर लें। अब जूड़े के साइड में या बीचों बीच अपनी पसंद के फूल लगाएं।

**लू जूड़ा :** अगर आपके बाल लंबे हैं तो आप लू जूड़े का विकल्प अपना सकती हैं, जो ज्यादा टाइट नहीं होता है। इसमें जूड़ा ढीला और थोड़ा नीचे की ओर बनाया जाता है, जिससे बाल खींचते नहीं हैं। आप इसे अपनी पसंद के स्टाइल में बनवा सकती हैं, जो आपके लहंगे से मेल खाता हो। इसमें भी आप फूल या मोती जैसी हेयर एक्सेसरी लगा सकती हैं। इससे हेयर स्टाइल की शोभा बढ़ जाएगी और आप शाही लगेंगी।



**गुथी हुई चोटी :** इन दिनों ज्यादातर महिलाएं जूड़े के बजाय गुथी हुई चोटी बनवाना ज्यादा पसंद कर रही हैं। इसमें सिरदर्द की समस्या पैदा नहीं होती है और बेहद खूबसूरत पारंपरिक लुक भी मिल जाता है। आप अपने बालों से ही या फिर नकली बाल जोड़कर लंबी चोटी बनवा सकती हैं।

### आधा बांधा हुआ हेयर स्टाइल

आधा बांधा हुआ हेयर स्टाइल एक ऐसा हेयर स्टाइल है, जो हर प्रकार के चेहरे पर अच्छा लगता है। इसमें आपके बालों का आधा हिस्सा ऊपर बांधा जाता है, जबकि नीचे वाला हिस्सा खुला रहता है। यह स्टाइल बहुत ही आकर्षक दिखता है और इसमें आपके बालों की पूरी लंबाई नजर आती है। इस तरह का हेयर स्टाइल बनाने के लिए सबसे पहले बालों को हल्का सा कंघी करें, फिर आधे हिस्से को बांधकर पिन कर दें।

# लड़के अगर शादी में जा रहे हैं तो पहन सकते हैं ऐसे कपड़े, लगेंगे सबसे आकर्षक

फैशन



इन दिनों शादी का सीजन चल रहा है, जिस दौरान सभी मेहमान अच्छी तरह तैयार होते हैं। इस दौरान पुरुषों के लिए सही कपड़े चुनना एक चुनौतीपूर्ण काम हो सकता है। पारंपरिक और आधुनिकता का मेल करते हुए आप एक बेहतरीन लुक हासिल कर सकते हैं। इस लेख में हम कुछ ऐसे कपड़ों के सुझाव देंगे, जो आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखेंगे। इन आउटफिट में सजकर आप सभी की तारीफें बटोरेंगे।

**कुर्ता-पजामा सेट :** कुर्ता-पजामा सेट भारतीय शादियों के लिए सबसे सरल और आकर्षक परिधान हो सकता है। यह कई अलग-अलग डिजाइन में उपलब्ध रहता है और हर समारोह के लिए आदर्श रहता है। आप शादी में शिरकर देते समय क्रीम या गोल्डन रंग का कुर्ता पहन सकते हैं, जिस पर सोने या चांदी की कढ़ाई हो। इसके साथ मेल खाता हुआ पजामा पहनें और फिटिंग का खास ख्याल रखें। ज्यादा शाही लुक के लिए आप ऊपर से शॉल या दुपट्टा डाल सकते हैं।

**शेरवानी देती है शाही अंदाज :** ज्यादातर पुरुष शादियों में शेरवानी पहनना पसंद करते हैं, जो बेहद शाही अंदाज दे सकती है। आप भारी कढ़ाई वाली शेरवानी चुन सकते हैं, जो आपको राजसी लुक देगी। इसके साथ धोती या पजामा पहना जा सकता है, जिससे लुक और भी आकर्षक बन सकता है। अगर आप थोड़ी आधुनिकता चाहते हैं तो प्रिंट वाली शेरवानी का चयन करें, जो पारंपरिक और आधुनिकता का बेहतरीन मेल होगी। इसके साथ मेल खाते जूते और गहने पहनकर लुक को पूरा करें।


**स्टाइलिश का विकल्प बंद गला सूट :** बंदगला सूट एक स्टाइलिश विकल्प हो सकता है, जो आपको अलग पहचान दिलाएगा। इसमें जैकेट पर भारी कढ़ाई होनी चाहिए, जिससे आपका लुक खास लगेगा। इसके साथ पैंट पहनें, ताकि आपका लुक संतुलित रहे। अगर आप कुछ नया आजमाना चाहते हैं तो सिल्क वाला बंदगला सूट भी अच्छा विकल्प हो सकता है। ध्यान रखें की सूट की फिटिंग अच्छी हो और उस पर शानदार कढ़ाई का काम किया गया हो।

**पारंपरिक पहनावा नेहरू जैकेट :** नेहरू जैकेट किसी भी पारंपरिक पोशाक के साथ अच्छी लगती है। आप इसे कुर्ता-पजामा या शर्ट-पैंट, दोनों के साथ पहन सकते हैं। नेहरू जैकेट पर हल्की कढ़ाई या बटन डिजाइन होनी चाहिए, जो इसे खास बनाएगी। इसके अलावा आप इसे अलग-अलग रंगों में चुन सकते हैं, जो आपके कुर्ते या शर्ट के साथ मेल खाएंगे। इस जैकेट को लेयर करते समय रंगों के संयोजन और फिटिंग का खास ध्यान रखें।

# ऑफिस के लिए बेहतरीन बैग, जो आपको दे सकते हैं ज्यादा स्पेस और स्टाइलिश लुक

ऑफिस में स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो एक अच्छा बैग आपके लुक को पूरा कर सकता है। ये न केवल सामान को व्यवस्थित रखने में मदद करते हैं, बल्कि आपको पेशेवर और आकर्षक दिखाने में भी खासा योगदान दे सकते हैं। सही बैग चुनना थोड़ा मुश्किल हो सकता है, लेकिन हम आपके लिए यह काम आसान कर देंगे। आज के फैशन टिप्स में हम आपको ऐसे बैग बताएंगे, जो हर ऑफिस के माहौल में फिट बैठेंगे।

**चमड़े का बड़ा बैग :** चमड़े का बड़ा बैग एक ऐसा विकल्प है, जो कभी भी फैशन से बाहर नहीं होता। यह मजबूत होता है और लंबे समय तक चलता है। चमड़े के बैग में आप अपने लैपटॉप, फाइलें और अन्य जरूरी सामान आसानी से रख सकती हैं। इसके अलावा यह देखने में भी बहुत सुंदर लगता है और हर तरह के कपड़ों के साथ जंचता है। ऑफिस हो या कोई मीटिंग, चमड़े का बड़ा बैग हर मौके पर आपको स्टाइलिश दिखाएगा।



### कपड़े का बैग

अगर आप रोजमर्रा के उपयोग के लिए एक आरामदायक और टिकाऊ बैग ढूंढ रही हैं तो कपड़े का बैग एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह हल्का होता है और इसमें कई जेबें होती हैं, जिसमें आपका सामान आसानी से व्यवस्थित रहता है। इसके अलावा कपड़े का बैग देखने में भी अच्छा लगता है और इसे आप किसी भी कपड़े के साथ कैरी कर सकती हैं। आप कपड़े से बना टोट बैग चुन सकती हैं।

### छोटा पाउच बैग

अगर आपको सिर्फ जरूरी सामान साथ ले जाना है तो छोटा पाउच बैग एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसमें आपका फोन, पर्स और कुछ छोटे-मोटे आइटम आसानी से समा सकते हैं। छोटा पाउच बैग देखने में भी बहुत आकर्षक होता है और इसे आप आसानी से अपने बड़े बैग में रख सकती हैं या हाथ में लेकर चल सकती हैं। यह आपके लुक को तो खास बनाएगा ही, साथ ही काफी सुविधाजनक भी होगा।

# साधारण साड़ियों के साथ अच्छे लगते हैं भारी ब्लाउज, पहनकर मिल जाएगा खूबसूरत लुक

भारतीय महिलाएं पारंपरिक कपड़ों में बहुत रुचि रखती हैं। इनमें से सबसे लोकप्रिय पोशाक साड़ी ही है। साड़ी के साथ कई बार महिलाएं सही ब्लाउज का चुनाव नहीं कर पाती हैं, जिससे लुक खराब हो जाता है। अगर आप अपनी साधारण साड़ियों को एक नया और आकर्षक लुक देना चाहती हैं तो उनके साथ भारी ब्लाउज बेहतरीन लगेंगे। आप अपनी साधारण साड़ी के साथ डिजाइन वाले भारी ब्लाउज पहन सकती हैं।

**कढ़ाई वाला भारी ब्लाउज :** कढ़ाई वाला भारी ब्लाउज आपके लुक को शाही अंदाज दे सकता है। यह ब्लाउज किसी भी साधारण साड़ी के साथ अच्छी तरह मेल खाता है। आप अपनी पसंद की कढ़ाई के काम वाला ब्लाउज चुन सकती हैं, जिनमें चिकनकारी, फुलकारी या कंथा आदि शामिल हों।



**जरी की कारीगरी वाला भारी ब्लाउज :** जरी की कारीगरी वाला भारी ब्लाउज आपकी साधारण साड़ी को महंगी साड़ी वाला लुक देगा। यह भारतीय कढ़ाई का एक प्राचीन और शानदार रूप है, जिसमें मखमल, सैटिन और रेशम जैसे कपड़ों पर जटिल डिजाइन बनाने के लिए धात्विक धागों का उपयोग किया जाता है।

**मोती और पत्थरों से सजा हुआ भारी ब्लाउज :** मोती और कीमती पत्थरों से सजा हुआ भारी ब्लाउज बहुत आकर्षक लगता है। इस तरह का ब्लाउज कई रंगों और डिजाइन में उपलब्ध रहता है और हर किसी पर अच्छा लग सकता है। इसे आप किसी भी रंग की साधारण साड़ी के ऊपर पहन सकती हैं, चाहे वह कढ़ाई वाली हो या बिलकुल सादी ही क्यों न हो। मोती और पत्थरों से सजा हुआ भारी ब्लाउज पहनने पर आपको एक शाही लुक मिल जाएगा।

## कार्नर न्यूज

## कुर्ती को ऐसे स्टाइल करना चाहिए कि न ज्यादा गर्मी लगे और न ही ठंड

# इस बदलते मौसम में इस तरह पहनें कुर्तियां, स्टाइल से नहीं करना पड़ेगा समझौता

सर्दियों से गर्मियों में बदलाव होने के कारण कई महिलाएं अपने कपड़े बदलना शुरू कर देती हैं। ऐसे में महिलाएं कुर्ती को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाती हैं, क्योंकि ये न केवल आरामदायक होती है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती है। हालांकि, इस बदलते मौसम में कुर्ती को ऐसे स्टाइल करना चाहिए कि न ज्यादा गर्मी लगे और न ही ठंड। इसके लिए आप इन फैशन टिप्स को अपना सकती हैं और बेहद आकर्षक लुक पा सकती हैं।



### जैकेट के साथ स्टाइल करें

बदलते मौसम के दौरान कभी भी ठंड पड़ने लगती है और अचानक गर्मी हो जाती है। ऐसे में आपको कुर्ती के ऊपर एक पतली जैकेट लेयर कर लेनी चाहिए। आप डेनिम जैकेट या फिर विंड चीटर जैकेट का चुनाव कर सकती हैं। ये लुक को बिगाड़ेंगी भी नहीं और हवा से आपको बचाए भी रखेंगी। अगर आप जैकेट नहीं पहनना चाहती हैं तो कोई पारंपरिक कोटी या कार्डिगन लेयर करके शानदार लुक पा सकती हैं।

### सही रंग चुनें

सर्दियों में गहरे रंगों का चलन रहता है, लेकिन गर्मियों में हल्के और चमकीले रंग ज्यादा अच्छे लगते हैं। आप अपनी कुर्ती को हल्के नीले, गुलाबी या फिर पीले रंग की सलवार या पायजामा के साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा आप विपरीत रंगों का मेल भी आजमा सकती हैं, जैसे हरे रंग की कुर्ती के साथ सफेद सलवार पहनना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

### फैब्रिक का सोच-समझकर चुनाव करें

गर्मियों में हल्के कपड़ों का चयन करना सही रहता है, ताकि त्वचा को हवा लगे और आप आरामदायक महसूस करें। इस बदलते मौसम के लिए सूती कपड़े सबसे अच्छे होते हैं, क्योंकि ये ज्यादा असुविधाजनक नहीं होते हैं। इसके अलावा लिनेन और खादी जैसे कपड़े भी अच्छे विकल्प हो सकते हैं। इन सभी टिप्स को अपनाकर आप बदलते मौसम में भी स्टाइलिश दिख सकती हैं और बीमार पड़ने से भी बच सकती हैं।



### अलग-अलग लंबाई का चयन करें

गर्मियों में अलग-अलग लंबाई वाली कुर्तियों का चयन करना बेहतर होता है। लंबी कुर्ती, मध्यम लंबाई वाली कुर्ती या छोटी कुर्ती, सभी विकल्प अच्छे लगते हैं। आप अपनी ऊंचाई और शरीर के आकार के अनुसार कुर्ती की लंबाई चुन सकती हैं, ताकि आपको आरामदायक महसूस हो और आपका लुक भी खास लगे। इसके अलावा आप अलग-अलग लंबाई वाली कुर्तियों को अलग-अलग अवसरों पर पहन सकती हैं, जिससे आपका स्टाइल और भी खास लगेगा।